मूल्य ₹ 4.00
वर्ष-12, अंक 81, पृष्ठ -12
महानगर संस्करण
D-live NewsTV
www.dabangdunia.co.in

दैनिक दबंग दुनिया
रायपुर, सोमवार, 2 दिसंबर 2024
निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर
देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें

पेज 07

## सार.समाचार

### जनजातीय जीवनशैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज़ियम जल्द लेगा मूतर्रूप

**रायपुर।** जनजातीय जीवन शैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज्यिम जल्द ही मूतर्रूप लेगा। यह म्यूजियम, प्रदेश को जनजातीय परिदृश्य में देश में एक नया स्थान प्रदान करेगा। नया रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में बनाए जा रहे, इस म्यूज्यिम का आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने 10 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने आज इस निर्माणाधीन म्यूज्यिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि म्यूजियम में राज्य के सुदूर जनजातीय क्षेत्रों से जो भी बहुमूल्य आटर्फिक्टस संकलित किए गए हैं, उन्हें साफ करके वुडन पेंट के माध्यम से दीमकरोधी किया जाए। उन्होंने सभी गैलरियों में आवश्यकतानुसार बांस एवं छिंद की सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि म्यूजियम में और अधिक जीवंतता लाई जा सके, इसके लिए धमतरी एवं गरियाबंद जिले के कुशल जनजातीय कारीगरों से भी मदद ली जाए। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव सह आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा, टीआरआई के संचालक श्री पी.एस.एल्मा सहित निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रक-कार की टक्कर, 4 दोस्तों की मौत

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने एनएच-130 पर कार सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई। इनमें से एक रायपुर में जिम संचालक भी था। वहीं एक युवक गंभीर हालत में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के कछव में भर्ती है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र के गुमगा का है। मिली जानकारी के मुताबिक सभी युवक रायपुर के रहने वाले थे। वह शनिवार शाम को घर से जगदलपुर घूमने जाना बताकर निकले थे, लेकिन अचानक मैनपाट जाने का प्लान बना लिए। अंबिकापुर पहुंचने से करीब 60 किलोमीटर पहले सुबह 5 बजे हादसे का शिकार हो गए। कार को कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि नेशनल हाइवे पर घना कोहरा भी छाया हुआ था। कोहरे के कारण कार चालक सामने से आ रहे ट्रक को देख नहीं पाया, जिसके चलते हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार के सभी एयरबैग खुल गए, लेकिन चार की जान नहीं बच सकी। हादसे की खबर मिलते ही राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को कार से बाहर निकाला गया।

# सीएम साय की पहल पर किसानों की समस्या का हुआ समाधान

» राईस मिलर्स के लंबित माँगों पर बनी सहमति, राशि का होगा जल्द भुगतान

» राईस मिलर धान का उठाव और कस्टम मिलिंग जारी रखने हुए सहमत

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव न होने के कारण केन्द्रों में जाम की स्थिति और किसानों को धान बेचने में हो रही दिक्कत का समाधान हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शासन स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिए लघु उद्योग भारती एवं भारतीय किसान संघ के साथ राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत से राईस मिलर्स ने धान खरीदी केन्द्रों से धान का नियमित रूप से उठाव करने और कस्टम मिलिंग जारी रखने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा मिलर्स के बीते वर्षो के बकाया प्राशि का जल्द ही भुगतान के आश्वासन के साथ उनके अन्य माँगो का हल निकाला गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल के प्रयासों से हुई बैठक का परिणाम यह रहा कि धान उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स लगातार धान का उठाव करेंगे और तेजी से कस्टम मिलिंग कर अपने-अपने हिस्से का चावल भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करेंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्रों में बड़ी मात्रा में धान की आवक हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राईस मिलर्स के लंबित राशि का जल्द भुगतान करने का निर्णय लिया गया। राईस मिलर्स ने शासन के इस फैसले पर सहमति जताते हुए केन्द्रों से धान का उठाव और मिलिंग करने की सहमति दी है, जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव तेजी से होगा और किसानों को धान बेचने में दिक्कत नहीं आएगी।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों प्रदेश संगठन मंत्री तुलाराम, प्रदेशाध्यक्ष माधव ठाकुर, प्रदेश महामंत्री श्री नवीन शेष और प्रदेश कोषाध्यक्ष गजानंद तिधरसकर सहित लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंघानिया, प्रदेश महामंत्री डॉ (श्रीमती) सीपी दुबे, प्रदेश कायर्कारिणी सदस्य मोहन पटेल ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल के प्रति आभार जताया है।

## बारिश से धान को बचाने पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तमिलनाडू में आये चक्रवाती तूफान फेंगल के मद्देनजर छत्तीसगढ़ राज्य में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश अधिकारियो को दिए हैं। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सभी जिलों के कलेक्टरों को धान को बारिश से बचाने पुख्ता इन्तजाम करने के निर्देश दिए है। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी का महाअभियान चल रहा है। राज्य में अब तक 18.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 3.85 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 3706 करोड़ 69 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने बताया कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम से दो हजार रूपए से लेकर दस हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा दी है, प्रदेश के सभी 2058 सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराई गई है, इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराए पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली-मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा हो रही है।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन से संसाधन और समय की होती है बचत : अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल




दबंग दुनिया ♦ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज भिलाई के सुपेला में साहू समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन सराहनीय कार्य है। योग्य जीवन साथी की तलाश में एक माध्यम बनना पुनीत कार्य है। साहू समाज का परिचय सम्मेलन एक ऐसा मंच है, जहां समाज के विवाह योग्य युवक-युवती आते हैं और मंच में अपना परिचय देते हैं। सामाजिक पत्रिका में भी परिचय प्रकाशित किया जाता है। इससे वैवाहिक रिश्ते जोड़ने में मदद मिलती है। समाज की इस पहल से संसाधन और समय की बचत होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहू समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय वाली सामाजिक परिचायिका पुस्तिका का विमोचन भी किया। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी और गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# जनजातीय जीवनशैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज़ियम जल्द लेगा मूतर्रूप

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



जनजातीय जीवन शैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज्यिम जल्द ही मूतर्रूप लेगा। यह म्यूजियम, प्रदेश को जनजातीय परिदृश्य में देश में एक नया स्थान प्रदान करेगा। नया रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में बनाए जा रहे, इस म्यूज्यिम का आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने 10 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज इस निर्माणाधीन म्यूज्यिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि म्यूजियम में राज्य के सुदूर जनजातीय क्षेत्रों से जो भी बहुमूल्य आटर्फिक्टस संकलित किए गए हैं, उन्हें साफ करके वुडन पेंट के माध्यम से दीमकरोधी किया जाए। उन्होंने सभी गैलरियों में आवश्यकतानुसार बांस एवं छिंद की सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि म्यूजियम में और अधिक जीवंतता लाई जा सके, इसके लिए धमतरी एवं गरियाबंद जिले के कुशल जनजातीय कारीगरों से भी मदद ली जाए। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, टीआरआई के संचालक पी.एस.एल्मा सहित निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि दो मंजिला इस म्यूजियम में कुल 14 गैलरियां बनाई जा रही है। प्रथम गैलरी में छत्तीसगढ़ की जनजातीय परिचय, दूसरी गैलरी में जीवन संस्कार, तीसरी गैलरी में आवास एवं घरेलू उपकरण, चौथी गैलरी में शिकार उपकरण, पांचवीं गैलरी में वस्त्र आभूषण, छठवीं गैलरी में कृषि एवं कृषि उपकरणों को प्रदर्शित किया गया है। इसी प्रकार सातवीं गैलरी में पारंपरिक जनजातीय लोकनृत्य, आठवीं गैलरी में जनजातीय लोक वाद्ययंत्र, नौवीं गैलरी में धार्मिक जीवन, दसवीं गैलरी में जनजातीय तीज त्यौहार एवं अनुष्ठान, ग्यारहवीं गैलरी में पारंपरिक तकनीक, बारहवीं गैलरी में विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा, तेरहवीं गैलरी में आडियो वीडियो एवं फोटो गैलरी सह कायर्शाला तथा अंतिम चौदहवीं गैलरी में विशेष पिछड़ी जनजातियों से संबंधित अन्य जानकारी उकेरी जा




# तकनीक की उड़ान से ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा ने खरीफ और रबी सीजन में कमाये दो लाख रुपए

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जो हाथ कुशलता से चूल्हा-चौका का काम करते हैं वे तकनीक के क्षेत्र में भी उतनी ही कुशलता का परिचय दे सकते हैं। डबल इंजन की सरकार में महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से अपितु तकनीकी रूप से भी सक्षम हो रही हैं।छत्तीसगढ़ की ड्रोन दीदियों ने इस सोच को साकार कर दिया है।

रायपुर जिले की ग्राम नगपुरा की ड्रोन दीदी चंद्रकली की सफलता की उड़ान ड्रोन की तरह है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम से वे भी ड्रोन दीदी बनीं। उन्होंने ड्रोन चलाना सीखा और बहुत थोड़े समय में इसमें कुशल हो गईं। चंद्रकली बताती हैं कि हुनरमंद होने से उनके काम का मूल्य भी कई गुना बढ़ गया। वे केवल 10 मिनटों में एक एकड़ खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर देती हैं और इससे 300 रुपए कमा लेती हैं। गांव में खेतों में छिड़काव के बाद उनके ड्रोन चालन की कुशलता की जानकारी पड़ोसी गांवों में भी फैल गई। उन्हें खूब काम मिला और पूरी लगन के साथ चंद्रकली ने लगभग 700 एक-ड़ खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव कर दिया।

सबसे बड़ी खूबी यह है कि तकनीक ने उन्हें समय की बाधा से पूरी तरह से मुक्त कर दिया। वे बच्चों को तैयार करती हैं। घर में चूल्हा-चौका कर लेती हैं फिर खेतों के लिए निकल पड़ती हैं। उनके हाथ में ड्रोन का रिमोट होता है। जैसे ही चंद्रकली ड्रोन कंट्रोल रिमोट ऑन करती हैं, धीरे-धीरे ड्रोन गति लेते हुए आसमान की ओर उड़ता है और खेत का चक्कर काटने लगता है। अब चंद्रकली अपने गांव सहित आसपास के क्षेत्र में ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है।

रायपुर जिले की आरंग विकासखंड की निवासी श्रीमती वर्मा कुछ महीनों पहले महिला समूह से जुडकर बहुत ही कम आमदनी प्राप्त कर रही थीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2023 को नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर बनाते हुए आधुनिकता से जोड़ना है। इसी योजना के तहत छत्तीसगढ़ की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को चयन किया गया जिसमें रायपुर जिले की चन्द्रकली वर्मा भी शामिल थी। श्रीमती चन्द्रकली बताती हैं कि उनके समूह में अच्छे कार्य को देखते हुए इस योजना के लिए चयनित किया गया और ऑनलाइन इन्टरव्यू हुआ। जिसके लिए उन्हें ग्वालियर में 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई और दिसंबर 2023 में इन्हें ड्रोन निःशुल्क दिया गया, साथ ही परिवहन के लिए ड्रोन वाहन दिया गया। वे बताती हैं कि मुझे अन्य दीदियों के साथ उत्तर प्रदेश के फूलपुर में आमंत्रित किया गया, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें नमो ड्रोन दीदी की उपाधि दी। इसके बाद श्रीमती चन्द्रकला के आने बाद किसानों को इसकी बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मैनुवल तरीके से कीटनाशक का छिड़काव करने की अपेक्षा अब यह काम तकनीक की सहायता से ड्रोन से मिनटों में ही हो जाता है। धीरे-धीरे उन्हें काम मिलने लगा। चंद्रकला दो लाख रूपये से अधिक की आय अर्जित कर चुकी है जिससे वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहीं है उनकी बेटी आईटी में इंजीनियरिंग कर रही हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# ठंडे बस्ते में रामपुर जलाशय का काम

■ अब लिथियम खदान से उत्पादन करने की है तैयारी

दबंग दुनिया ♦ कोरबा





कटघोरा में लिथियम खदान खोलने की सुगबुगाहट के बीच जिला प्रशासन ने रामपुर जलाशय के कार्य को बीच में ही रोक दिया है। अभी तक इस जलाशय के निर्माण पर लगभग 45 करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं। सिंचाई विभाग की योजना इस जलाशय से आसपास के क्षेत्रों को सिंचित करने की थी। इसके लिए नहर निर्माण की योजना थी। इस कार्य में सरकारी जमीनों के साथ-साथ निजी भूखंड का भी अधिग्रहण शामिल है। लेकिन अब प्रशासन इस जलाशय के लिए जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही को रोक दिया है। इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार ने जल संसाधन विभाग को निर्माण एजेंसी बनाया था। जलाशय से आसपास के क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी दिया जाना प्रस्तावित था।

कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड में चिन्हित लिथियम खदान देशी की पहली खदान होगी। जहां से निजी कंपनी इस दुर्लभ तत्व की खनन करेगी। कटघोरा में लिथियम की मौजूदगी से केंद्र और राज्य सरकार को भी राजस्व के आय में बढ़ोत्तरी का अनुमान है। जैसे-जैसे यहां से लिथियम खनन होगा। उसी अनुपात में दोनों सरकारों को राजस्व की प्राप्ति होगी। पूर्व में केंद्र सरकार ने बोली लगाकर कटघोरा के लिथियम कोल ब्लॉक को नीलाम किया था जिसे मैकी साउथ ग्रुप ने ऊंची बोली लगाकर हासिल किया था। अब कंपनी यहां से खनन शुरू करने आगे बढ़ रही है।

**250 हेक्टेयर जमीन के भीतर लिथियम की मौजूदगी :** कटघोरा क्षेत्र में लिथियम की मौजूदगी की पुष्टि सर्वे में हुई है। केंद्र सरकार के पास मौजूद रिपोर्ट के अनुसार कटघोरा क्षेत्र के लगभग 250 हेक्टेयर जमीन के भीतर इस तत्व की मौजूदगी का पता चला है। केंद्र सरकार यहां मौजूद लिथियम को बाहर निकालना चाहती है। इसके लिए सरकार ने लिथियम ब्लॉक मैकी साउथ माइनिंग को दिया है। इस कंपनी ने नीलामी की प्रक्रिया में ऊंची बोली लगाकर लिथियम ब्लॉक को हासिल किया है। अब यह कंपनी इस ब्लॉक से लिथियम खनन करने के लिए जिला प्रशासन से संपर्क कर रही है। मैकी ग्रुप ने प्रशासन को बताया है कि उसकी ओर से लिथियम की संभावित भंडार वाले क्षेत्रों में जमीन चिन्हित की जाएगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि खनिज खनन से जुड़े जानकारों का कहना है कि मैपिंग प्रारंभिक प्रक्रिया है। इसे पूरा करने में कंपनी को समय लगेगा।

## हाथियों के दो झुंड में बट जाने से बढ़ा खतरा

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां सक्रिय 50 हाथियों का दल अब दो समूह में बट गया है एक में 28 तथा दूसरे में 22 हाथी है। 28 हाथियों वाला समूह रेंज के सूई आरा जंगल में विचरण कर रहा है, जबकि 22 हाथी पीडिया क्षेत्र में मंडरा रहे हैं। पीडिया में मौजूद हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के खेत में लगे सोलर प्लेट को तोड़ दिया, वहीं कई ग्रामीणें के खेत में तैयार फसल को रौंदने के साथ उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। हाथियों के समूह में बट जाने से खतरा और भी बढ़ गया है। हाथियों की निगरानी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में हाथियों द्वारा पीडिया में किये गए नुकसानी की जानकारी मिलने पर वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे और आंकलन करने में जुट गए हैं। वहीं हाथियों की मौजूदगी वाले सूईआरा, पीडिया समेत आसपास के गांव में मुनादी करायी जा रही है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं अतः सावधानी बरतते हुए उनसे दूरी बनाए रखें। हाथियों को देखने की चेस्ट ना करें। जंगल जाने से भी बचें। इस बीच कुदमुरा रेंज के गुरमा में मौजूद 12 हाथियों का दल अब कलटी टिकरा पहुंच गया है। हाथियों के इस दल ने भी बीती रात जमकर उत्पात मचाया और 10 ग्रामीणों के धान फसल को तहस-नहस कर दिया है, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। कलमी टिकरा क्षेत्र में हाथियों के आने से ग्रामीण दहशत में है, वही वन विभाग इसकी निगरानी में जुट गया है। उधर कटघोरा वन मंडल में सक्रिय 49 हाथियों का दल अभी भी कोरबा व कोरिया जिले के सीमा पर डेरा जमाए हुए।

## केंद्रीय राज्य मंत्री सोमन्ना ने एनटीपीसी संयंत्र का लिया जायजा

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

केंद्रीय राज्य मंत्री रेलवे एवं जल शक्ति, भारत सरकार एवं प्रभारी मंत्री आकांक्षी जिला व्ही. सोमन्ना ने कोरबा प्रवास के दौरान सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी का निरीक्षण किया।

साथ ही वार्ड 52 दर्रीखार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत महिला समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों, करतला ब्लॉक के बैगापाली में जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल की स्थिति, सलिहाभाठा में कौशल उन्नयन आजीविका सवंर्धन अंतर्गत कार्य तथा छुरीकला में बुनकरों से चर्चा कर वस्तु स्थिति जानी। उन्होंने रेल्वे स्टेशन में अमृत भारत अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान आईएएस डॉ शान्तनु अग्रहरी, कलेक्टर अजीत वसंत, आईआरटीएस अनीश हेगड़े, बीयूएच एनटीपीसी राजीव खन्ना, सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग सम्बंधित एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने नेशनल थर्मल पॉवर जमनीपाली का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और ऊर्जा उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान संयंत्र के संचालन में सुधार की दिशा में आवश्यक सुझाव दिए और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने एनटीपीसी जमनीपाली के कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए संयंत्र को देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण बताया। केंद्रीय मंत्री ने एनटीपीसी के विश्राम गृह में जूनिप्रेस पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी।

# संग्रहण केंद्र बनाने की तैयारी में प्रशासन!

■ किसी भी मिलर्स के साथ नहीं हुआ अनुबंध

दबंग दुनिया ♦ कोरबा



खरीदी केंद्रों में धान की बोरियां धीरे-धीरे बढ़ रही है। दिसंबर के पहले हफ्ते से किसान बड़ी संख्या में धान की बोरियां लेकर पहुंचेंगे। इस स्थिति में धान का उठाव जरूरी होगा मगर अभी तक जिला प्रशासन की ओर से किसी भी मिलर्स के साथ अनुबंध नहीं हुआ है। इसे लेकर प्रशासन परेशान है। चर्चा है कि विभाग की ओर से जल्द ही उरगा क्षेत्र में एक संग्रहण केंद्र बनाया जाएगा। यहां सोसाइटियों से धान की बोरियों को लाकर रखा जाएगा और यही से मिलर्स अनुबंध होने के बाद धान दिया जाएगा।

जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों पर किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 67 हजार 199.60 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। इधर समय के साथ खरीदी केंद्रों पर धान लेकर पहुंचने वाले किसानों की संख्या में वृद्धि हो रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। इससे किसानों खुश हैं। हालांकि अभी प्रति क्विंटल धान बेचने पर किसानों को 2300 रुपए मिल रहा है। शेष राशि का भुगतान प्रदेश सरकार अलग से करेगी।

## एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को मिल रहा हैंडलूम बेडशीट्स

**कोरबा।** ट्रेन के एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रबंधन एसी कोच में हैंडलूम के बेडशीट्स दे रहा है। रेलवे के अफसरों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एसी श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए साफ और हाई क्वालिटी वाले लिनन उपलब्ध कराने के लिए नई तकनीकी उपायों को अपनाया है। बेड रोल सेट्स को इको-फ्रेंडली पैकेजिंग में पैक किया जाता है और ये भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुसार तैयार किए जाते हैं। हर लिनन सेट को उपयोग के बाद धोकर साफ किया जाता है। कंबल को महीने में एक बार ड्राई क्लीन किया जाता है।

रेलवे प्रबंधन ने ट्रेनों में लिनन के परिवहन को मजबूत बनाने के लिए बेहतर लॉजिस्टिक्स व्यवस्था की है। प्रत्येक लिनन किट को 30 बाय 42 सेमी आकार के इको-फ्रेंडली बैग में पैक किया रहा है, ताकि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और दुर्ग कोचिंग डिपो में क्रमशः 3 टन और 4 टन क्षमता वाली लॉन्ड्री यूनिट्स स्थापित की गई हैं, जहां पर न्यूनतम दो शिफ्टों में काम किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रतिदिन लगभग 16,000 लिनन सेट्स ट्रेनों में लोड करता है।

# बड़े स्तर पर हो रही कोयले की अफरा तफरी भाजपा नेता मोनू केसरी ने आईजी को लिखा पत्र

दबंग दुनिया ♦ खरसिया



विगत कुछ महिनों से क्षेत्र में स्थित कोयला खदानों से कुछ कोलमाफियाओं द्वारा निम्न गुणवत्ता वाले कोयला का डीओ में अच्छी गुणवत्ता वाले कोयला निकाल कर एसईसीएल को नुकसान पहुंचाया जा रहा वही इसके ही लाखों रूपयों की अवैध कमाई की जा रही है। क्षेत्र में हो रही इस तरह के कोयला अफरा तफरी को लेकर भाजपा नेता मोनू केसरी ने आईजी बिलासपुर रेंज को पत्र लिखकर कोल माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए पत्र लिखा है तथा मोनू केसरी द्वारा उक्त पत्र की प्रतिलिपि छ.ग.शासन के गृहमंत्री एवं डीजीपी को भी प्रेषित कर उच्चस्तरीय जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

विदित हो कि विगत कुछ महिनों से क्षेत्र में स्थित कोयला खदान से कोलमाफियाओं द्वारा निम्न गुणवत्ता वाले कोयला का डीओ में अच्छी गुणवत्ता वाले कोयला निकाल कर एसईसीएल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है इसके साथ ही लाखों रूपयों की अवैध कमाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिनांक 24.11.2024 को घरघोड़ा को कोलमाफिया अमित चौधरी द्वारा क्षेत्र के बिजारी मांइस घरघोड़ा से जी- 15 गुणवत्ता वाले कोयला का डीओ लेकर मांइस के अंदर गाड़ी भेजा गया जहां अमित चौधरी द्वारा कोयला खदान एवं कांटा में सेंटिंग कर निम्न गुणवत्ता वाले जी- 15 कोयले की जगह उच्च गुणवत्ता वाले जी-09 कोयला का ओवर लोड कराकर 10 गाड़ी कोयला ,खदान से निकाल कर परिवहन करते हुए उक्त उच्च गुणवत्ता वाले कोयले को भूपदेवपुर क्षेत्र में स्थित उसके किसी कोयला भंड़ारण क्षेत्र में खाली किया एसईसीएल को राजस्व की हानि पहुंचाई गई है वहीं निम्न स्तर के डीओ के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कोयला लेकर मोटी रकम की कमाई की गई है। कोयला माफिया के इस कार्य मे बिजारी कोल मांइस के कर्मचारियों की भी मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिये क्षेत्र के कोल माफियों के कोल परिवहन के कार्यो का उच्चस्तरीय जांच किसी निष्पक्ष एवं ईमानदार उच्चाधिकारियों से कराते हुए दोषी कोल माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है नहीं तो ये कोलमाफिया इसी तरह के कृत्यों से शासन प्रषासन को होने वाली राजस्व की हानि पहुचाते रहेगें।

# शत्रुहन पटेल के परिवार ने पीएम आवास से बनाया अपना सपनों का आशियाना

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई) ने जिले के परिवारों के लिए स्वयं का आशियाना पाने का सपना साकार किया है। यह योजना विशेष रूप से ऐसे परिवारों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिनके पास अपने पक्का घर का सपना पूरा करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं होते। ऐसे ही है शत्रुहन पटेल जिनका पक्का आशियाना बनाने का सपना योजना ने पूरा किया और इस योजना से अपना पक्का मकान पाकर शत्रुहन अपने परिवार के साथ उस आशियाने में रहना शुरू कर दिया। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत पोडीशंकर में रहने वाले शत्रुहन पटेल पिता कमल प्रसाद पटेल अपने परिवार के साथ पहले कच्चे मकान में रहते थे। बरसात के मौसम में जहां उन्हें अपने कच्चे मकान में पानी भर जाने का डर रहता था, तो वहीं ठंड के मौसम में कच्चे मकान में आने वाली सर्द हवाओं से कंपकपी बनी रहती थी। ऐसे ठंड, गर्मी एवं बारिश मौसम में उनके परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का मकान बनाने की आश जाग्रत हुई और उनके आवास की जब योजना से मंजूरी मिली तो उन्होंने बिना देर किया ही अपना आवास का निर्माण कार्य शुरू कराया और धीरे-धीरे उनके सपनों का आशियाना बनकर तैयार हो गया। आज, उनका परिवार सुरक्षित और आरामदायक घर में रह रहा है। शत्रुहन कहते हैं कि यह योजना हमारे लिए एक वरदान साबित हुई है। अब हमें अपने बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है। शत्रुहन अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ आराम से निवास कर रहे हैं उनका कहना था कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के परिवारों को आश्रय प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने का मौका भी दे रही है। यह योजना सबके लिए घर के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने ग्राम कुटरा में धान खरीदी का किया शुभारंभ

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सेवा सहकारी समिती (सोसायटी) ग्राम कुटरा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में समर्थन मुल्य पर धान खरीदी का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर धुप-दीप जलाकर व धान को तौल कर षुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित भूमिपुत्र व अन्नदाता किसानों एवं ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए श्री चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को 3100 रुपए का रेट देकर उन्हे सषक्त व मजबूत बना रही है, उन्होंने कहा कि राज्य में 14 नवम्बर से 31 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों से धान खरीदा जायेगा। किसानों को उनके बेचे गये धान का 72 घंटे के भीतर बैंक खाते में भुगतान किया जायेगा। सरकार इस वर्ष इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से धान खरीदी करेगी। चंदेल ने इस मौके पर उपस्थित किसान भाईयों एवं ग्रामीणजनों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महापर्व किसानों की मेहनत और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। चंदेल के ग्राम कुटरा पहुंचने पर किसान भाईयों एवं ग्रामीणजनों ने श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर इंजी. रवि पाण्डेय, जांजगीर-ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जांजगीर-नैला नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, सोसायटी अध्यक्ष राजू कश्यप, दिनेश राठौर, अजय राठौर, राजाराम सिंहानी, विद्यानंद बंजारे, सत्यनारायण पटेल, गजेन्द्र सिंह, प्रमोद कश्यप, कन्हैलालाल पाण्डेय, सेंदरी सरपंच लक्ष्मी पटेल, समिती प्रबंधक लेखराम साहू, बिदुर कश्यप, लखन कश्यप, हरदेव कश्यप, धनेन्द्र कश्यप, अमृत कश्यप, राजकुमार कश्यप, नोहर कश्यप सहित बड़ी संख्या में कृषकगण, ग्रामीणजन एवं भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत ससहा में ग्राम सभा का हुआ आयोजन



दबंग दुनिया ♦ पामगढ़

केंद्र शासन एवं राज्य शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ अंतिम व्यक्ति तक सहि ढंग से पहुँचे इसके लिए जिले के प्रत्येक ग्रामो में ग्राम सभा के आयोजन किये जाने के तारतम्य में जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत ससहा में 29 नवम्बर 2024 को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन के साथ साथ पेंशन के प्रकरण अनिवार्य एवं वैकल्पिक करो स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो के साथ साथ ग्राम विकास के योजना पर विस्तृत चर्चा किया गया। मनरेगा के तहत नवीन कार्यो की स्वीकृति जन्म-मृत्यू के नियमित पंजीयन कराने की जानकारी सचिव लखेश्वर यादव द्वारा दिया गया। ग्राम सभा की बैठक में नोडल अधिकारी सरपंच सचिव रोजगार सहायक मितानिन ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

# जंगल में लाश मिलने के मामले में पुलिस कर रही जांच

■ पीएम रिपोर्ट से होगा मौत के कारणों का खुलासा

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

पखवाड़े भर पहले मायके से पति के साथ घर जाने के लिए निकली दंपती की लाश कटघोरा थाना क्षेत्र के गुरुमुड़ा जंगल में मिली है। दोनों के शव काले पड़ गए हैं। उनकी मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच को लेकर पुलिस ने छानबीन शुरू की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

घटना कटघोरा थानांतर्गत ग्राम गुरुमुड़ा जंगल की है। ग्राम पंचायत घरीपखना की रहने वाली आनंदकुंवर उम्र 55 वर्ष अपने पति चरण साय अगरिया उम्र 65 वर्ष के साथ ग्राम तिलईडांड पंडरीपानी जो कोरबा विकासखंड अंतर्गत लेमरू क्षेत्र में स्थित है के गांव में रहती थी। कुछ दिन पहले महिला के भाई का निधन हो गया था। आनंदकुंवर अपने पति चरणसाय के साथ भाई के दशगात्र में शामिल होने घरीपखना गई थी। 15 दिन पहले दंपती घरीपखना से अपने गांव तिलईडांड पंडरीपानी के लिए पैदल रवाना हुए थे लेकिन घर नहीं पहुंचे थे। परिवार के लोग उनकी पतासाजी कर रहे थे इस बीच घरीपखना से तिलईडांड की तरफ जाने वाले रास्ते पर गुरुमुड़ा के जंगल में एक दंपती की लाश मिली। लाश से आ रही बदबू पर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने मौके पर एक महिला और पुरुष को मृत अवस्था में देखा। दोनों के शव सड़-गल गए थे, शरीर का पूरा हिस्सा काला पड़ गया था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना घरीपखना के सरपंच को दी। पुलिस को भी अवगत कराया गया। जंगल में एक साथ पति-पत्नी की लाश मिलन की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूवीएस चौहान भी पहुंचे। जांच में मदद के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया गया। टीम ने काफी देर तक घटना स्थल के आसपास छानबीन की। मृतकों की पहचान आनंदकुंवर और उसके पति चरणसाय अगरिया से की गई। फोरेंसिक टीम को घटना स्थल से क्या मिला यह अभी टीम ने सार्वजनिक नहीं किया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## सडक हादसे में गई ग्रामीण की जान

**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दिया। आमने-सामने हुई इस टक्कर में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान दीपक सोनी उम्र 26वर्ष से की गई है जो बलगी डंगनियाखार का रहने वाला था। गेवरा खदान में एक ठेका कंपनी के अधीन मिस्त्री का काम करता था। बाइक से अपने ससुराल रतनपुर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। बाइक को ठोकर मारने वाली ट्रेलर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि मृतक के 3 और 5 साल के दो बच्चे हैं। उसकी मौत से परिवार में मातम पसरा है।

# रेत लदा ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

दबंग दुनिया ♦ कोरबा



जिले के बालको थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना चुईयां नाला के पास की है, जहां रेत से लदा ट्रैक्टर पलटने से युवक उसकी चपेट में आ गया।

शनिवार शाम करीब 7.30 बजे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रैक्टर चुईयां नाला से रेत भरकर जा रहा था। अचानक नियंत्रण बिगड? से ट्रैक्टर पलट गया और पास खड़ा युवक उसके नीचे दब गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बालको पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को हटाया और शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान चुईयां गांव निवासी युवक के रूप में की गई है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रेत परिवहन में लापरवाही रोकने और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है। इस घटना ने प्रशासन की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेत परिवहन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन न करना और ट्रैक्टरों की स्थिति पर ध्यान न देना, ऐसे हादसों का बड़ा कारण है।

## निधन

**मुकेश अग्रवाल**



**खरसिया।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म फूलचंद किशोरीलाल महुवापाली रोड के मुकेश अग्रवाल सुपुत्र स्व. किशोरीलाल अग्रवाल का आकस्मिक निधन 30 नवंबर शनिवार शाम को हो गया था। इनकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार 1 दिसंबर रविवार दोपहर 12:30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में बेहद गमगीन माहौल में किया गया। मुकेश अग्रवाल के निधन से महुवापाली रोड सहित नगर में शोक की लहर है। ये काफी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे धर्म कर्म पूजा पाठ में इनकी गहरी आस्था थी, पत्नी और दो छोटे छोटे बच्चों सहित भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ परलोग गमन कर गए।

Scanned with OKEN Scanner

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रैली और सभा कल

## हिन्दू सुरक्षा मंच की मठमंदिर में हुई बैठक

दबंग दुनिया ◆ धमतरी



बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू सुरक्षा मंच के बैनर तले 3 दिसंबर मंगलवार को गांधी चौक मैदान में सभा तथा शहर में रैली का आयोजन किया गया है। जिसे हिन्दू जनआक्रोश रैली का नाम दिया है। इस संबंध में रविवार को दोपहर 3 बजे मठमंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज, वर्ग के लोग मौजूद थे।

बैठक का संचालन जितेंद्र यदु एवं घनश्याम साहू ने किया। बैठक में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रैली और सभा के सफल संचालन के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में संयोजक विजय ठाकुर, सहसंयोजक महेश शर्मा, पुष्पा ठाकुर, सदस्यों में जयप्रकाश सिन्हा, कृष्णा हिरवानी सहित अन्य नागरिकों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बताया कि 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय गांधी मैदान में एकत्रीकरण होगा। 2.30 बजे सभा होगी, जिसमें प्रमुख वक्तागण अपनी रखेंगे। 3 बजे गांधी मैदान से रैली निकलेगी जो कचहरी चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, बालकचौक, घड़ी चौक, नेशनल हाइवे मार्ग, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकिज रोड, शिवचौक, बनियापारा होते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचेगी। जहां राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाओं को रोक लगाने बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने भारत सरकार से गुजारिश करेगी।बैठक में गणमान्य नागरिकों ने कहा कि हिन्दुओं व अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथियों द्वारा लूट, हत्या, आगजनी व महिलाओं के साथ किए जा रहे अत्याचार बेहद चिंताजनक है। मंदिरों को गिराया जा रहा है। साधु संतों के साथ मारपीट किया जा रहा है। वहां रह रहे हिन्दू परिवार डरे हुए हैं। हिन्दुओं के मनोबल को बढ़ाने और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने के लिए जनआक्रोश रैली आवश्यक है। बांग्लादेश में शांति स्थापित करवाना जरूरी है।

इस अवसर पर बैठक में धनेश्वर निर्मलकर, दिलीपराज सोनी, निर्मल बरड़िया, चंद्रकला पटेल, बिथिका विश्वास, मोहन साहू, गौरव मगर, नीलेश राजा, सरोज देवांगन, हरिवंश साहू, कोमल सार्वा, अविनाश दुबे, जितेंद्र चंद्राकर, आशीष शर्मा, हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, रामचंद देवांगन, चंद्रभान निर्मलकर, रोहित सोनी, लीना भारती सिन्हा, विनोदराव रणसिंह, राजेश तिवारी, अजय नामदेव, शंकर साहू, आयुष दीवान, अनिल दीवान सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**कोमाखान।** ब्राह्मण समाज द्वारा बंग्लादेश हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार एवं मन्दिरों में हो रहे हमले के विरोध में समाज के उपाध्यक्ष प मोतीलाल तिवारी के मार्गदर्शन में स्थानीय दुर्गा मंदिर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विप्र जनों ने सुन्दरकाण्ड का पाठ कर शांति सोहद्दता अमन चैन की श्री हनुमान जी से आराधना की इस अवसर पर संरक्षक डॉ अरुण शुक्ला,अध्यक्ष शिव प्रसाद उपाध्याय, सचिव डॉ विजय शर्मा,कीर्ति शर्मा, अनिल शास्त्री, देवव्रत शर्मा, द्विवेदी ने पाठ कर प्रार्थना की।

# पलारी पुलिस की कार्रवाई, अवैध कच्ची महुआ शराब बना रहे ठिकाने पर दी दबिश

दबंग दुनिया ◆ पलारी



बलौदा बाजार पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल के निर्देश के बाद थाना पलारी के पुलिस के द्वारा आज दिनांक 1 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 6:00 बजे ग्राम खैरी में कच्ची महुआ शराब बनाने की सूचना प्राप्त होने पर दबिश दी गई वहां खेत में आरोपी के द्वारा कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही थी।

पुलिस को आता देख शराब बना रहे आरोपी फरार हो गए, पुलिस ने खेत से 30 बोरी महुआ लहान वजन 300' जिसकी कीमत 25 हजार रु है नष्ट किया गया।

साथ ही महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त एल्नियम के 10 नग बड़े-बड़े बर्तन गैस चूल्हा एवं सिलेंडर को पलारी पुलिस के द्वारा जप्त किया गया बता दे की ग्राम खैरी अवैध महुआ शराब बनाने एवं बचने के नाम से क्षेत्र में कुख्यात है। इस का कार्रवाई में पलारी पुलिस के थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे , सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह, प्रधान आरक्षक, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आरक्षक मनोज वर्मा , राजेंद्र ठाकुर के द्वारा कार्रवाई की गई।

# आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा बिहान

दबंग दुनिया ◆ बेमेतरा

'बिहान' योजना अंतर्गत विभिन्न स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराकर आजीविका के नए- नए आयामों से जोड़ रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल द्वारा विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर बिहान योजना से लाभान्वित आजीविका में संलग्न स्व सहायता समूह की दीदीयो के कार्यों को देखा गया। इस तारतम्य में ग्राम पंचायत नारायणपुर से किराना दुकान एवम फैंसी दुकान संचालिका गायत्री देवांगन, सदस्य ओमसाईनाथ समूह, राजकुमारी साहू संचालिका तार जाली फेंसिंग कार्य सदस्य तुलसी समूह, ग्राम पंचायत टेमरी से नंदनी देवाकर - संचालिका सब्जी बाड़ी सदस्य भूमिका समूह, नीरा साहू- संचालिका डेयरी सदस्य भवानी समूह, पंचवती साहू- संचालिका चप्पल एवम कपड़ा दुकान सदस्य कैलादेवी समूह, ग्राम पंचायत घुरसेना से रेणु देवांगन संचालिका किराना दुकान सदस्य स्वास्तिक समूह, अमिता बघेल संचालिका मछली पालन सदस्य श्रद्धा समूह, संगीता साहू संचालिका सिलाई एवम कपड़ा दुकान सदस्य ओम साई समूह, ग्राम पंचायत अमोरा से कुंती बाई - संचालिका हॉटल सदस्य विद्या समूह, वंदना बाई संचालिका जनरल एवम फैंसी स्टोर सदस्य अनुपा समूह, ममता बाई संचालिका सिलाई एवम कपड़ा दुकान सदस्य अमीन माता समूह से मिलकर योजना के सहयोग से कैसे उनके द्वारा गतिविधि की शुरूआत की गई, इस संबंध में जानकारी ली गई।

# पार्टी को मजबूत करने में बूथ इकाई की महत्वपूर्ण भूमिका : अशोक बजाज



दबंग दुनिया ◆ नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने गोबरा नवापारा के बूथ क्रमांक 220 के नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, परदेसी राम साहू , दयालु राम गाड़ा, अनीता दुबे, वार्ड पार्षद मायाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, सूरज साहू, मनीष देवांगन किशन कोसरे, मिथिलेश ठाकुर एवं कामेश्वर प्रसाद तिवारी उपस्थित थे। श्री बजाज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करने में बूथ इकाई की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बूथ इकाई की सक्रियता से ही केंद्र व राज्य में आज भाजपा की सरकार है।

# विधायक ने ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर के 85 लाभार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किया

दबंग दुनिया ◆ महासमुंद

जिले में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से जनसुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसके तहत शनिवार को विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर के कुल 85 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि यह पहल सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का जीता-जागता उदाहरण है। यह कार्य प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से संभव हो सका है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई दी और प्रशासनिक टीम की सराहना की। जिले में जनमन योजना के तहत कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में तथा एसडीएम महासमुंद के नेतृत्व में हल्का पटवारी के प्रयासों से ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर के विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र 85 हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। जनमन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को सरकारी सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान किया जा रहा है। इस पहल ने न केवल ग्रामीणों की सुविधा को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनकी सरकारी योजनाओं में भागीदारी को भी सुनिश्चित किया है।

# चौक-चौराहों में करें आलाव जलाने की व्यवस्था

■ रैन बसेरा को भी करे दुरुस्त : जिलाधीश दीपक सोनी

दबंग दुनिया ◆ बलौदाबाजार

अचानक बदले हुए मौसम के चलते ठंड एकाएक बढ़ गई है। जिसके चलते बेघरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन के परेशानियों को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी रैनबसेरा में समुचित व्यवस्था करने कहा है। इसके तहत जिलाधीश दीपक सोनी ने जिलें में स्थित सभी रैनबसेरा की जानकारी लिया है। उन्होंने नगरीय निकायो के सभी सीएमओ को निर्देश दिया कि रैनबसेरा में रुकने वालो के लिये समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने विशेषकर कहा कि रैनबसेरा में रुकने वाले सभी लोगों को कंबल की सुविधा अनिवार्य रूप से मुहैया कराया जाए। इसके साथ ही नगर के सभी चैक चैराहो में ठंड से बचने हेतु आलाव की नियमित रूप से व्यवस्था करें।

शहरों में महत्वपूर्ण स्थलों रेल स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल, बाजार आदि क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। और इसका सतत निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरा, नाइट शेल्टर, वृद्धाश्रमों में पर्याप्त मात्रा में चादर, कम्बल और अन्य जरूरी सामग्री का इंतजाम रखा जाए। यदि जरूरी हुआ। तो सामुदायिक भवनों का इस्तेमाल भी रैन बसेरा के तौर पर किया जाए। झुग्गी झोपड़ी और समाज के कमजोर लोगों के लिए समाजसेवी संस्थाओं को कम्बल, गर्म कपड़े दान के लिए प्रोत्साहित किया जाये। आम नागरिकों को भी दान के लिए प्रेरित किया जाये। नेकी की दीवार अथवा सामग्री कलेक्शन के लिए वाहन चलाए जाने चाहिए। ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए उपाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को भी सचेत किया गया है। जिलाधीश ने अपील करते हुए कहा की ठंड एकाएक बढ़ गयी है। बेघर व्यक्तियों एवं जिन जरूरत मंद व्यक्तियों को गर्म कपड़े, कंबल की आवश्यकता हो। तो यथा संभव अवश्य मदद करे। उन्होंने कहा कि कोई भी बुजुर्ग व्यक्ति एवं बेघर हुए व्यक्ति शीतलहर में बिना गर्म कपड़े पहनें बाहर न निकल। बेघर हुए व्यक्ति अपनें नजदीक स्थित रैन बसेरा का सहारा ले सकता है।

# स्व. जगमोहन चंद्राकर के स्मृति में मनाया गया महिला सम्मान समारोह

दबंग दुनिया ◆ बागबाहरा



गांजर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे स्व. दाऊ जगमोहन चंद्राकर के स्मृति उपसरपंच अमित चंद्राकर के नेतृत्व मे ग्राम गांजर के विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले महिलाओं का सम्मान किया गया । ग्राम गांजर के उपसरपंच अमित चंद्राकर ने बताया कि गांव में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्व. जगमोहन चंद्राकर के स्मृति में सम्मान समारोह किया गया जिसमें ग्राम के मितानिन सदस्य , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सदस्य , ग्राम महिला संगठन के पशु सखी, कृषि सखी, सक्रिय महिला, रसोइया और स्वीपर सदस्य एवं गांव के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं श्री राम जी के मूर्ति देकर सम्मान किया गया। उपसरपंच अमित चंद्राकर ने बताया कि 'मितानिन' सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं. वे स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को लागू करने में अहम भूमिका निभाती है।

इस भूमिका में मितानिन स्वास्थ्य व इससे जुड़े तमाम विषयों पर समुदाय की जागरूकता बढ़ाती है, समुदाय स्तर पर सलाह व प्रारंभिक इलाज की सेवाएं देती है एवं समुदाय को शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ती भी है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान , लोकेश्वर चंद्राकर (पार्षद बागबहार) पत्रकार द्वय रवि सेन , महेश हरपाल हुलेश चंद्राकर , अशोक साहू जानकी निषाद सहित मितानिन दीदी प्रेमकुमारी चंद्राकर, कुलेश्वरी चंद्राकर, मुस्कान निषाद, बी आर पी जामंती चंद्राकर, आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका प्रतिभा चंद्राकर, भिमेश्वरी यादव , चंद्रिका ठाकुर सहित महिलाएं उपस्थित रही।

# छात्राओं को महिला संरक्षण व सखी वन स्टॉप सेंटर की दी गई जानकारी

दबंग दुनिया ◆ धमतरी




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धमतरी में एक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान का आयोजन किया गया हैं। यह अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा, जो मानव अधिकार दिवस के अवसर पर संपन्न होगा।इस अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय आमदी, छात्राओं को महिला संरक्षण व सखी वन स्टॉप सेंटर की जानकारी प्रदान की गई । सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक उषा ठाकुर ने संस्था के द्वारा दिए जाने वाले पांच प्रमुख सेवाओ की जानकारी प्रदान की साथ ही बाल संरक्षण व कुपोषण के रोकथाम की जानकारी देकर महिला बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। वही संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा ने महिला संरक्षण अधिनियम घरेलू हिंसा की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल विवाह, घरेलू हिंसा की रोकथाम व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल सी बॉक्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अंत में अनामिका शर्मा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,हिंसा व कुपोषण मुक्त समाज सहित बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई.. इसके अलावा महाविद्यालय कंडेल, संबलपुर, भोथली विद्यालय, आत्मानन्द शासकीय विद्यालय हटकेशर, विद्याकुज मेमोरियल हटकेशर आदि जगहो में भी शिविर आयोजित किया गया।

# तकनीक की उड़ान से ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा ने खरीफ और रबी सीजन में कमाये दो लाख रुपए

दबंग दुनिया ◆ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जो हाथ कुशलता से चूल्हा-चौका का काम करते हैं वे तकनीक के क्षेत्र में भी उतनी ही कुशलता का परिचय दे सकते हैं। डबल इंजन की सरकार में महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से अपितु तकनीकी रूप से भी सक्षम हो रही हैं।छत्तीसगढ़ की ड्रोन दीदियों ने इस सोच को साकार कर दिया है।

रायपुर जिले की ग्राम नगपुरा की ड्रोन दीदी चंद्रकली की सफलता की उड़ान ड्रोन की तरह है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम से वे भी ड्रोन दीदी बनीं। उन्होंने ड्रोन चलाना सीखा और बहुत थोड़े समय में इसमें कुशल हो गईं। चंद्रकली बताती हैं कि हुनरमंद होने से उनके काम का मूल्य भी कई गुना बढ़ गया। वे केवल 10 मिनटों में एक एकड़ खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर देती हैं और इससे 300 रुपए कमा लेती हैं। गांव में खेतों में छिड़काव के बाद उनके ड्रोन चालन की कुशलता की जानकारी पड़ोसी गांवों में भी फैल गई। उन्हें खूब काम मिला और पूरी लगन के साथ चंद्रकली ने लगभग 700 एकड़ खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव कर दिया।

सबसे बड़ी खूबी यह है कि तकनीक ने उन्हें समय की बाधा से पूरी तरह से मुक्त कर दिया। वे बच्चों को तैयार करती हैं। घर में चूल्हा-चौका कर लेती हैं फिर खेतों के लिए निकल पड़ती हैं। उनके हाथ में ड्रोन का रिमोट होता है। जैसे ही चंद्रकली ड्रोन कंट्रोल रिमोट ऑन करती हैं, धीरे-धीरे ड्रोन गति लेते हुए आसमान की ओर उड़ता है और खेत का चक्कर काटने लगता है। अब चंद्रकली अपने गांव सहित आसपास के क्षेत्र में ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है।



रायपुर जिले की आरंग विकासखंड की निवासी श्रीमती वर्मा कुछ महीनों पहले महिला समूह से जुडकर बहुत ही कम आमदनी प्राप्त कर रही थीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2023 को नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर बनाते हुए आधुनिकता से जोड़ना है। इसी योजना के तहत छत्तीसगढ़ की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को चयन किया गया जिसमें रायपुर जिले की चन्द्रकली वर्मा भी शामिल थी।

श्रीमती चन्द्रकली बताती हैं कि उनके समूह में अच्छे कार्य को देखते हुए इस योजना के लिए चयनित किया गया और ऑनलाइन इन्टरव्यू हुआ। जिसके लिए उन्हें ग्वालियर में 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई और दिसंबर 2023 में इन्हें ड्रोन निःशुल्क दिया गया, साथ ही परिवहन के लिए ड्रोन वाहन दिया गया। वे बताती हैं कि मुझे अन्य दीदियों के साथ उत्तर प्रदेश के फूलपुर में आमंत्रित किया गया, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें नमो ड्रोन दीदी की उपाधि दी। इसके बाद श्रीमती चन्द्रकला के आने बाद किसानों को इसकी बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मैनुवल तरीके से कीटनाशक का छिड़काव करने की अपेक्षा अब यह काम तकनीक की सहायता से ड्रोन से मिनटों में ही हो जाता है। धीरे-धीरे उन्हें काम मिलने लगा। चंद्रकला दो लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित कर चुकी है जिससे वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहीं है उनकी बेटी आईटी में इंजीनियरिंग कर रही हैं। तकनीक का महत्व जब चंद्रकला ने समझा तो अपनी बिटिया को भी तकनीक की ओर मोड़ दिया, यह चमत्कार नमो ड्रोन दीदी योजना का है।

श्रीमती चन्द्रकला कहती हैं कि मुझे गर्व है कि मै ड्रोन दीदी हूं। मै आज नई तकनीक का उपयोग कर रही हूं। अपने गांव के खेती किसानी में मदद कर रही हूं, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और लागत भी कम आएगी। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूं और अन्य महिलाओं से आग्रह करती हूं कि इस तकनीक से जुड़ें और छत्तीसगढ़ को और आगे बढ़ाएं।

# विधायक रोहित साहू का जताया आभार

## दर्रीपार निषाद समाज सामुदायिक भवन के लिए दस लाख की स्वीकृति होने पर सामाजिक पदाधिकारियों में खुशी की लहर

दबंग दुनिया ◆ फिंगेश्वर



नगर पंचायत फिंगेश्वर वार्ड क्रमांक दो दरीर्पार निषाद समाज के अध्यक्ष सदस्यगण एवं जिला निषाद समाज के पदाधिकारीयों ने राजिम विधायक रोहित साहू के निज निवास पहुंचकर धन्यवाद सह आभार प्रकट की है बता दें नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक दो में निषाद समाज के लिए समाजिक भवन की कमी काफी लंबे अरसे से महसूस की जा रही थी जिसको लेकर राजिम विधायक रोहित साहू जी को इस बारे में अवगत कराया गया जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निषाद समाज सामुदायिक भवन के लिए दस लाख की घोषणा की गई।जो स्वीकृत भी हो चुका है।इसकी घोषणा के साथ ही निषाद समाज दरीर्पार, जिला निषाद समाज गरियाबंद के पदाधिकारी गण खुशी जाहिर करते हुए विधायक निवास पहुंचकर धन्यवाद सह आभार प्रकट की है। आभार व्यक्त करने वालों में मोती राम निषाद जिला उपाध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद, इन्दरमण निषाद ग्रामीण अध्यक्ष दरार्पार, अशोक निषाद सात पाली अध्यक्ष फिंगेश्वर,जनक निषाद सचिव, लेखराम निषाद,भारत निषाद, आशा राम निषाद, महेश निषाद, मनमोहन निषाद,पुषऊ निषाद, गोपी निषाद, नकुल निषाद, दुखु, गोविंद, सहदेव निषाद,डिगेश, नरोत्तम, परस सहदेव निषाद, कुमार निषाद, गोपी निषाद, गोवर्धन निषाद, महेश निषाद,परस निषाद के अलावा समस्त निषाद समाज दर्रीपार ने खुशी जताई है।

Scanned with OKEN Scanner

# रेल राज्य मंत्री से कोरबा सांसद ने यात्री सुविधाओं पर दिया ज्ञापन

## कोरबा प्रवास पर आए वी सोमन्ना से ज्योत्सना महंत ने की मुलाकात

दबंग दुनिया ◆ कोरबा



भारत सरकार के केन्द्रीय रेल राज्य व जल शक्ति मंत्री वी सोमन्ना के कोरबा प्रवास पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मुलाकात कर कोरबा में यात्री सुविधाओं के अलावा यात्री ट्रेनों के ठहराव और यात्री ट्रेनों का परिचालन सहित ट्रेनों का विस्तार के अलावा जनहित से संबंधित मामलों पर ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने का आग्रह किया। कोरबा संसदीय क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना से चर्चा करते हुए कहा कि रेलवे राजस्व में कोरबा से बड़ी मात्रा में राशि रेलवे प्रशासन को प्राप्त होती है लेकिन क्षेत्र के रहवासी यात्री सुविधाओं के नाम पर छले जा रहे हैं। सांसद ने सौंपे गए ज्ञापन में कोरबा सहित चाम्पा, सक्ती, नैला, रेलवे स्टेशन में सर्वसुविधायुक्त प्रतिक्षालय का निर्माण एवं एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने हेतु रैम्प का निर्माण करने की मांग की है। कोरबा स्टेशन में दूसरी एंट्री में साइकिल स्टैण्ड व शेड निर्माण सहित कटघोरा, दीपका में रेलवे आरक्षण केन्द्र प्रारंभ करने सहित सर्वसुविधायुक्त महिला प्रतिक्षालय के निर्माण की मांग की है। सांसद ने कोरबा को जोड़ने वाली चाम्पा रेलवे स्टेशन में गीतांजलि एक्सप्रेस और बीकानेरी ट्रेन का ठहराव सहित सक्ती रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव मांगा है।सांसद ने जोर देते हुए कहा कि गेवरा रोड स्टेशन से चलने वाली यात्री ट्रेनों को जल्द बहाल करने सहित कोरबा स्टेशन में पिट लाइन को चालू करने व कोरबा से बीकानेर-कोरबा-बीकानेर, खाटू श्याम जी/फतेहपुर शेखावटी रिंगस, जयपुर, कोटा, कटनी एवं बिलासपुर ट्रेन चलाने का आग्रह किया है व कोरबा से नई ट्रेन के रूप में कोरबा-राउरकेला-कोरबा इंटरसिटी एक्सप्रेस व साल भर से कोरबा-गेवरा रोड के बीच यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। उन ट्रेनों को पूर्व की भांति गेवरा रोड तक चलाने और गेवरा रोड-रायपुर-गेवरा रोड मेमू लोकल को पुनः परिचालन में लाने और अंबिकापुर से दिल्ली चल रही एक दिवसीय साप्ताहिक ट्रेन को तीन दिवस चलाने और रायपुर-अंबिकापुर ट्रेन का स्टापेज बढ़ाने के अलावा नागपुर तक चलाए जाने की मांग की। कोरबा सांसद ने तिरूपति-बिलासपुर-तिरूपति ट्रेन को कोरबा तक विस्तार करने और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी गेवरा रोड तक विस्तार करने सहित कोरबा के अलावा आसपास के स्टेशनों के समीप रिक्त पड़े भूमि में दुकान व काम्पलेक्स बनाकर बेरोजगारों को आबंटित करने व कोरबा रेलवे स्टेशन के स्टाफ क्वाटरों का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ कोरबा में रेलवे की ओर से सर्वसुविधायुक्त अस्पताल निर्माण की मांग करते हुए सांसद ने क्षेत्र की यात्री सुविधाओं को लेकर अनेक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निराकरण की मांग की। वही सांसद ने दीपका कृष्णानगर की अधिग्रहित भूमि को बस्तीवासियों से चर्चा कर पूर्णतः अधिग्रहित करने को कहा है जिससे भविष्य में दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। सांसद ने विशाखापट्नम से निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस को हरिद्वार उत्तराखंड तक चलाने का ज्ञापन सौंपा है।

# जन सहयोग संस्था ने सेन चौक का मौत का गड्ढा बंद किया

दबंग दुनिया ◆ कांकेर



शहर तथा प्रदेश की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था 'जन सहयोग' ने अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में आज शहर के एक महत्वपूर्ण चौराहे सेन चौक में स्वच्छता अभियान चलाया, जहां नाली सफाई हेतु एक बहुत बड़ा स्लैब हटाकर नगर पालिका वाले भूल गए थे और जिसमें 8 .8 का बहुत बड़ा गड्ढा बन गया था, जिसके कारण किसी भी मनुष्य अथवा पशु के गिर जाने से उसकी मौत निश्चित थी। 'जन सहयोग' ने इस समस्या को सोच समझकर हल करते हुए अपने सदस्यों के मानव श्रम का प्रयोग करते हुए मौत के गड्ढे को स्लैब से बंद कर इस संकट का समाधान कर दिया। उल्लेखनीय है कि सेन चौक में ही झूलेलाल मंदिर, विद्युत विभाग कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग कार्यालय, मछली पालन क्षेत्र आदि के अलावा बड़ी संख्या में दुकानें भी मौजूद हैं और यहां नरहरपुर की ओर जाने वाले वाहन भी खड़े रहते हैं। इसी कारण यह चहल-पहल वाला क्षेत्र है किंतु दुर्भाग्यवश मौत के गड्ढे तथा साफ सफाई के अभाव के कारण सेन चौक, संकट और जोखिम वाला क्षेत्र बन गया था, जहां आज 'जन सहयोग' ने अपने सदस्यों सहित साफ सफाई कर जनता की वाह-वाही प्राप्त की है । आज के स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले समाजसेवियों के नाम इस प्रकार हैं :--अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा संरक्षक नरेंद्र दवे, डॉ श्याम देव, बल्लूराम यादव, जितेंद्र प्रताप देव, अनुराग उपाध्याय, सीताराम शर्मा, मुकेश खटवानी, मनमीत सिंह, सागर देव करण नेताम पप्पू साहू, प्रमोद सिंह ठाकुर, डोमेश वलेचा, कैलाश कुंवर, प्रेम रजक, संजय पटेल, दीपक गांधी, गजेंद्र ठाकुर तथा रॉबिन मसीह के नाम उल्लेखनीय है।

# विश्व एड्स दिवस पर युवा टीम ने दीवारों पर चित्र व नारे लिख दिया संदेश




दबंग दुनिया ◆ उमरिया

विश्व एड्स दिवस पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी व नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा उमरिया जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्र में दीवारों पर चित्र एवं नारे लिखे लोगों को एड्स जागरूकता के बारे में जागरुक कर रहे।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि हर साल 1 दिसंबर को एड्स दिवस मनाया जाता है. इसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार को कम करना और लोगों को इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक करना है।

एड्स दिवस का उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करना है. एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है. एड्स दिवस पर इन मिथकों को दूर करने और लोगों को एड्स के बारे में सही जानकारी देने का प्रयास किया जाता है. लोगों में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को लेकर कई गलत अवधारणाएं होती हैं, इस दिन उन्हें भी दूर करने की कोशिश की जाती है। एड्स से बचने के लिए सावधानी की बहुत आवश्यकता होती है। दिवार लेखन के दौरान हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, वर्षा बर्मन, मुस्कान महोबिया, साक्षी रैदास,फरहाना खातून, सुलेखा राठौर, लष्मी महोबिया, सानिया चौधरी, संजना केवट, शालिनी चौधरी, खुशी पाठक, श्रेया दहिया, अनुसुईया दहिया, महक सोनी, दुर्गेश्वरी सिंह परस्ते व सभी उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना : गोमती को मिला भविष्य गढ़ने का पुख्ता जरिया

दबंग दुनिया ◆ कांकेर


राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से महिलाओं और उनके परिवार के जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन सामने आ रहे हैं। किसी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता मिली तो कोई योजना से मिली राशि की बचत कर अपना भविष्य संवारने में लगी हैं। जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड मुख्यालय में निवासरत श्रीमती गोमती जुर्री को भी इस योजना से मिली राशि को बचत करने का एक पुख्ता जरिया मिल गया है।



बसंत नगर की श्रीमती जुर्री ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक उन्हें एक हजार रुपए के मान से 09 किश्तें मिल चुकी हैं। इस तरह उनके बैंक खाते में 09 हजार रुपए जमा हो चुके हैं। पूछने पर उन्होंने बताया कि इस पैसे का उपयोग आने वाले समय में करेंगी। फिलहाल वह योजना से मिली राशि को जमा करके इकट्ठा कर रही हैं, जिससे भविष्य को संवारने में बड़ी मदद मिल सकेगी। श्रीमती जुर्री ने बताया कि वह एक शिक्षक दंपति के घर आया का काम करती हैं और महतारी वंदन योजना से हर माह मिल रही राशि को भविष्य में किसी बड़े काम में खर्च करेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने पर साधुवाद दिया।

# मुख्यमंत्री साय के सुशासन में जिले के किसान बन रहे समृद्ध और आत्मनिर्भर

दबंग दुनिया ◆ कोण्डागांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में राज्य के किसान विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर न केवल अच्छी उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं बल्कि उनके उपज का उचित दाम भी मिल रहा है। इससे वे अच्छी आय प्राप्त करने के साथ अपने खेती किसानी के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। राज्य शासन किसानों के कल्याण और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों के प्रति शासन की इसी दूरदृष्टि सोच और प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जिले के कई किसान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए एक समृद्ध व खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं।

राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रभाव अब गांव-गांव में दिखने लगा है। किसानों को अब अपनी फसल के लिए उचित दाम मिलने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री साय की नेतृत्व में किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहा हैं।

धान खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने डिजिटल व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जिले के उपार्जन केन्द्रों में निरीक्षण भी किया जा रहा है।

कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र चिपावण्ड में धान बेचने पहुंचे ग्राम भगदेवा पटेलपारा के किसान चमरू कोर्राम ने बताया कि उनका लगभग साढ़े छह एकड़ पंजीयन है और आज 136 क्विंटल का धान बेचने पहुंचे हैं। धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं से खुश कोर्राम ने बताया कि धान बेचने के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई। राज्य शासन द्वारा 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है। साथ ही केन्द्र में माईक्रो एटीएम की भी व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को नगद राशि निकालने के लिए बैंकों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। यह सुविधा किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।

कृषक चमरू राम कोर्राम को केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसे योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे वे खेती-किसानी में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत उनके खेती की मिट्टी की जुलाई माह में कृषि विभाग द्वारा परीक्षण किया गया था, जिसके बाद रिपोर्ट कार्ड देकर उन्हें खेत में यूरिया का उपयोग कम करने और जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने को कहा गया। इसके बाद उन्होंने जैविक खाद की मात्रा को बढ़ाते हुए कृषि कार्य किया और इसका अच्छा परिणाम सामने आया। चमरू राम ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिसका उपयोग वे खाद, बीज व कृषि कार्य से संबंधित छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में करते हैं।

# चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर**। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के एक प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील सरोना के ग्राम देवरीबालाजी निवासी 72 वर्षीय उदेराम नेताम की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती रूपई बाई को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# कांकेर के अधिवक्ताओं ने कर्मचारियों को 6 विकेट से हराया

दबंग दुनिया ◆ कांकेर



शहर तथा ज़िले के वकीलों ने यह साबित कर दिया है कि वे न केवल मुकदमे जीतते हैं, बल्कि क्रिकेट में भी उनकी जीत बरकरार है। इन दिनों चल रहे ज़िला अधिवक्ता संघ एवं न्यायिक कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्रीड़ा उत्सव के क्रिकेट फाइनल में वकीलों की टीम ने न्यायिक कर्मचारियों की टीम को 6 विकेट से परास्त कर खेल क्षेत्र में भी अपना दबदबा कायम कर दिखाया है। फाइनल मैच देखने हेतु ज़िले के न्याय विभाग के समस्त न्यायमूर्ति ,समस्त अधिवक्ता, समस्त न्यायिक कर्मचारी एवं अन्य दर्शक भी मौजूद थे, जिन में वरिष्ठ वकील साहब ज़िला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र भाई दवे की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। उपर्युक्त जानकारी ज़िला अधिवक्ता संघ के क्रीड़ा सचिव सैयद एजाज अली वकील साहब ने प्रदान की।

# गुण्डाधुर कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने बनाया अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस

दबंग दुनिया ◆ कोंडागांव




शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 दिसंबर 2024 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के जिला संगठक श्री शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी श्री समलेश पोटाई एवं रासेयो सलाहकार श्री हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली, भाषण, निबंध और विभिन्न प्रतिस्पधाओं के साथ एड्स जागरूकता रैली निकाला गया। स्वयंसेवकों के रेड रिबन और रेड क्रॉस का मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक अजीत सिन्हा और देवेंद्र सेठिया द्वारा स्वयंसेवकों को माय भारत पोर्टल में पंजीयन हेतु आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया और स्वयंसेवकों को इससे संबंधित सम्पूर्ण जानकारियों देते हुए ऑनलाइन क्विज करवाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक आकांक्षा, सिरबती, सारिका, सीता, गायत्री, अंजू, बिर्जतिन, राधिका, लालिमा, अनामिका, रूपाली, उर्मिला, ममता, निशा, जुगबती, भवानी, राजेश्वरी, गुपेश्वरी, मिनिता, जुगोर्ती, निताई, टिकेंद्र, भावेश, डॉली, लिशा, लच्छनी, ओमप्रकाश एवं साथी स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जैविक खेती की बदौलत, 'राजेश' ने बदली अपनी किस्मत

दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा

एक दौर वह भी था जब अधिक फसल उत्पादन के लालसा में कृषक रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग कर रहे थे। फलस्वरूप फसल उत्पादन में बढ़ोतरी तो हुई परन्तु उसके दुष्परिणाम भी सामने आए। फसल में स्वाद और पौष्टिकता को अभाव रहा, इसके अलावा नये प्रकार के फसल व्याधियों कीटों का भी सामना कृषकों को करना पड़ा।

साल दर साल भूमि की उर्वरता में कमी होने से फसलें उत्पादन में फर्क पड़ा। तब शासन-प्रशासन का ध्यान पुनः जैविक खेती की ओर गया और अब जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए शासन द्वारा किसानों को हर संभव तरीके से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके लिए शासन किसानों को सब्सिडी भी दे रही है। कृषकों में भी जागरूकता आई और वे जैविक खेती का अनुसरण करना प्रारंभ कर दिया। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। और वर्तमान में कई प्रगतिशील कृषक जैविक खेती करके फसल का अच्छा लाभ ले रहे हैं। इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है और उपभोक्ताओं को भी बिना रासायनिक खाद के फल, सब्जियां और अनाज मिल रहा है।



ऐसे ही जिले के टेकनार निवासी राजेश नाग प्रगतिशील कृषक है। जिन्होंने जैविक खेती अपनाकर अपनी आय को सात गुना तक बढ़ा लिया है। खास बात यह है कि राजेश नाग पहले वे छोटे पैमाने पर सब्जी की खेती करते थे, जो मुख्य रूप से उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होती थी। फिर उद्यानिकी विभाग के सलाह और मार्गदर्शन से उन्होंने अपनी खेती का स्वरूप बदला। इस संबंध में वे बताते है कि लगभग 5 वर्ष पूर्व वे भी अन्य कृषकों के समान अपनी 7 एकड़ की भूमि में धान और काम चलाउ की सब्जियों की खेती करते थे। परन्तु उद्यानिकी विभाग के संपर्क में आने के बाद उन्होंने खेती में नए तकनीक एवं उन्नत कृषि विधियों की आवश्यकता को जाना। विभाग द्वारा उन्होंने नेट सेफ, मल्चिंग, ड्रिप की सुविधा दी गई। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के सौजन्य से सोलर पंप भी लगवाए। अब वे अपने खेत में भिंडी, मिर्च, टमाटर, करेला, बरबट्टी, और खीरा जैसी सब्जियां उगा रहे हैं। इन सब्जियों के खेती ने इतनी आमदनी दी कि दो वर्ष पूर्व में उन्होंने एक ट्रैक्टर भी खरीद लिया। अपनी हो रही आमदनी के संबंध में राजेश नाग ने बताया कि पहले उन्हें खेती से सालभर में सिर्फ 20,000 रुपए की आमदनी होती थी, लेकिन जब से उन्होंने जैविक खेती करना शुरू किया है उनकी आमदनी प्रति वर्ष बढ़ी है। अब वह जैविक खेती से प्रति वर्ष 2,50,000 रुपए तक की कमाई कर रहे हैं।

प्रगतिशील कृषक नाग का यह उदाहरण उन किसानों के लिए प्रेरणा है जो मेहनत और सही रणनीतियों से अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं। उनका यह प्रयास अन्य किसानों को आधुनिक तकनीक और फसलों की विविधता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। नाग यह भी मानते है कि मेहनत और नई सोच के साथ खेती को भी एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है।

# आय से अधिक मामलों में कोरबा सहित 6 जिलों में एसीबी की रेड

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

बिलासपुर में गांजा तस्करी करते पकड़े गये जीआरपी के आरक्षक मन्नू प्रजापति, संतोष कुमार राठौर एवं लक्ष्मण गाइन के विरूद्ध एसीबी ने जांच तेज कर दी है। उनकी काली कमाई का कच्चा चिट्ठा तैयार किया जा रहा है।

आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 56/24, 57/2024 एवं 58/2024 धारा-13 (1) बी. 13(2) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के तहत आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया गया है। उनके निवास स्थान एवं संबंधित जगहों पर आज सुबह एसीबी रायपुर एवं बिलासपुर की 6 टीमों ने जिला बिलासपुर, कोरबा, गरियाबंद एवं कोण्डागांव में रेड की कार्यवाही की। तीनों के निवास स्थानों एवं अन्य जगहों से लाखों रुपए के कीमती आभूषण, मकान एवं जमीन के दस्तावेज, कई बैंक एकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। इसी तरह पूर्व में एसीबी द्वारा ट्रेप जनपद पंचायत बोड़ला, जिला कवर्धा के सहायक लेखा अधिकारी नरेन्द्र कुमार राउतकर के विरूद्ध आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज कर रेड कार्यवाही की है। पूर्व में दिनांक 12.09.2024 को जनपद पंचायत बोड़ला, जिला कवर्धा के सहायक लेखा अधिकारी नरेन्द्र कुमार राउतकर को एसीबी रायपुर की टीम ने प्रार्थी से ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की किश्त निकालने के एवज में 01 लाख रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। विवेचना के दौरान प्रथम दृष्टया आरोपी के द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करना पाया गया। अतः उसके विरूद्ध अपराध कमांक 59/2024 धारा-13 (1) बी, 13 (2) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज कर उससे संबंधित कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों के 03 स्थानों पर रेड की कार्यवाही की गई, जहां से आरोपी एवं उसकी पत्नी के नाम पर कई एकड़ जमीन एवं प्लाट/मकान के दस्तावेज, बैंक एकाउंट से संबंधित दस्तावेज, बच्चों के नाम पर किये गये निवेश संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

Scanned with OKEN Scanner

# चीटिंग का आरोप, तलाक के बाद कुशा कपिला को मिला था 2 दिन का अल्टीमेटम

इंटरनेट सेलिब्रिटी, कॉमेडियन, एक्ट्रेस और यूट्यूबर बन लोगों का दिल जीत चुकी कुशा कपिला ने बतौर लीड एक्ट्रेस बॉलीवुड में फिल्म डेब्यू किया था। इसके बाद वह शिल्पा शेट्टी के साथ सुखी में नजर आईं। हाल ही में उन्हें क्लीन कॉमेडियन आशीष सोलंकी के शो प्रिटी गुड रोस्ट में देखा गया था, जहां समय रैना ने तलाक के बाद उनके ट्रांसफॉर्मेशन और फैशन सेंस को लेकर बुरी तरह से रोस्ट किया था, जिसके बाद अब बॉलीवुड एक्ट्रेस और सोशल मीडिया पर बिल्ली मौसी के नाम से मशहूर इन्फ्लुएंसर कुशा कपिला ने एक नया खुलासा किया है।

**एक्ट्रेस ने मजबूरी में किया तलाक का ऐलान** – फैशन इन्फ्लुएंसर से एक्ट्रेस बनी कुशा कपिला ने हाल ही में मोमेंट ऑफ साइलेंस पॉडकास्ट के दौरान हैरान कर देने वाले खुलासे किए। उन्हें 2023 में जोरावर अहलूवालिया के साथ तलाक की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा था, क्योंकि एक न्यूज एजेंसी को इसके बारे में पता चला गया और उन्होंने उन्हें इस बारे में बताने के लिए अल्टीमेटम दिया था। इसके बाद वह घबरा गई थी। कुशा ने एक सेगमेंट के दौरान बताया कि हमें तलाक की खबर इसलिए देनी पड़ी क्योंकि एक समाचार प्रकाशन ने हमें का कि अगर आप दो दिन में इस बारे में लोगों को नहीं बताएगी तो हम तीसरे दिन खुद ये सच सबको बता देंगे। कुशा कपिला ने आगे कहा कि सब कुछ छुपा के रखने की कोशिश के बावजूद, किसी ने उन्हें कोर्ट में देख लिया और खबर लीक कर दी होगी। कुशा और जोरावर ने 2 अक्टूबर, 2023 को तलाक की घोषणा करते हुए कहा कि वे जीवन में अलग-अलग चीजें चाहते हैं और इंस्टा स्टोरी पर लिखा, हमने जो प्यार एक-दूसरे के साथ शेयर किया है, वह हमारे लिए सब कुछ है, लेकिन दुख की बात है कि हम अब साथ नहीं हैं। हमारा तलाक हो गया है। बता दें कि एक्ट्रेस के तलाक की खबर सामने आने के बाद उन्हें लोगों ने खूब ट्रोल किया और उन पर चीटिंग करने के आरोप भी लगाए थे।



**कुशा कपिला को किया ट्रोल** – तलाक की घोषणा के बाद, कुशा को बहुत नफरत और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा और पति से अलग होने के बाद में लोगों ने उन पर आरोप लगाया कि वह जोरावर से ज्यादा कमाती हैं और फेमस हैं इसलिए उन्होंने अपने पति को तलाक दे दिया। हालांकि, जोरावर ने ट्रोल्स की इन बातों निंदा की और कुशा का बचाव करते हुए कहा, कुशा पर ऑनलाइन घिनौने कमेंट देख मुझे दुख हो रहा है। कुशा के चरित्र पर सवाल उठाने वाले कोई और नहीं उनके और मेरे फैंस हैं जो कि मेरे लिए शर्मनाक है। ये सब न करें।

# रिश्ता टूटने पर अनन्या ने बताई सच्चाई 'मेरी पॉपुलरिटी हजम नहीं हुई'



जब से अनन्या पांडे एक्टर बनी हैं तभी से उनके रोमांटिक रिश्ते लोगों की नजरों में हैं। हालांकि, अनन्या ने कभी भी अपने रिश्तों के बारे में सीधे तौर पर खुलकर बात नहीं की है, लेकिन प्रशंसक इस बात पर नजर रखते हैं कि वह किसे डेट कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या ने बताया कि कैसे वह खुद को अपने रिश्तों में पूरी तरह से डुबो देना पसंद करती हैं और यहां तक कि खुद को बदलने की बात भी स्वीकार की ताकि वह काम कर सकें। बातचीत में उन्होंने लड़कों में ग्रीन फ्लैग देखने के बारे में भी बात की। साथ ही अनन्या ने बताया कि लड़कों को लड़कियों की पॉपुलरिटी हजम नहीं होती। मेरा रिश्ता टूटने में भी ये एक बड़ा कारण था। अनन्या ने राज शमानी से पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप किसी रिश्ते में तुरंत कोई रेड फ्लैग देखते हैं। जब आप किसी रिश्ते से बाहर होते हैं तो उस समय आपको एहसास होता है कि इसे और बेहतर किया जा सकता था। अगर मैं किसी रिश्ते में हूं तो मैं इसे सुलझाने और इसे सुलझाने के लिए सब कुछ करूंगी। एक रिश्ते में अपना सब कुछ देती हूं लेकिन मैं अपने साथी से भी यही उम्मीद करती हूं मेरे लिए आधे-अधूरे मन से काम नहीं चलता। अगर आप किसी रिश्ते में हैं तो आपको वफादारी और सम्मान दिखाना होगा। अनन्या ने इस बात पर भी जोर दिया कि रोमांटिक पार्टनर के लिए दोस्त होना जरूरी है और कहा कि उन्हें एक-दूसरे को आंकने से डरना नहीं चाहिए। अनन्या ने साझा किया कि अतीत में ऐसे उदाहरण हैं जहां उन्होंने पाया कि उन्होंने अपने साथी की खातिर खुद को बदल लिया है। अनन्या ने कहा कि आप रिश्ते की शुरुआत में प्रभावित करने के लिए चीजें करते हैं और आपको एहसास नहीं होता है कि आप अपने साथी के लिए कितना बदल रहे हैं।



# 'इश्क़ जबरिया' की अभिनेत्री ने अपने निजी जीवन और काम के बीच संतुलन बताया!

आज की तेज रफ़्तार दुनिया में, जहां प्रोफेशनल जिम्मेदारियाँ अक्सर व्यक्तिगत जीवन पर भारी पड़ती हैं जबकि इंडस्ट्री में लोकप्रिय अभिनेत्री काम्या पंजाबी इसे भलीभांति निभा रही हैं। ऐसे में उनसे हुई एक ख़ास बातचीत में उन्होंने संतुलन बनाने को लेकर अपने विचार साझा किए। सन नियो के शो इश्क़ जबरिया में मोहिनी का दिलचस्प किरदार निभा रही काम्या ने अपने पेशे की चुनौतियों और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के कई तरीके सुझाए।

अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बैलेंस पर काम्या ने कहा,"संतुलन बनाए रखना एक बहुत ही अच्छी बात है। लेकिन हमारे एक्टिंग और टेलीविजन क्षेत्र में यह बहुत मुश्किल है। लंबे समय तक काम करना, यात्रा करना, इन सबकी वजह से यह अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हमें एक हफ्ते में छह-सात एपिसोड्स देने होते हैं, क्योंकि डिमांड बहुत ज़्यादा होती है। अब आप कहेंगे हम इसे कैसे बैलेंस करते हैं तो मैं कभी-कभी वीकेंड एडजस्ट कर लेती हूं या कम से कम एक दिन का ब्रेक लेती हूं। कोशिश करती हूं कि शेड्यूल को इस तरह मैनेज करूं कि समय मिल सके। कभी-कभी शूट जल्दी खत्म हो जाता है, तो मुझे परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल जाता है और पर्सनल 'मी टाइम' भी। मुझे लगता है, यह हर किसी के लिए ज़रूरी है। सौभाग्य से, मेरे शो 'इश्क़ जबरिया' के प्रोड्यूसर्स और मेरी टीम बहुत समझदार है। वे मेरी स्थिति को समझते हैं, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है।"

काम्या ने आगे कहा,"अपने परिवार के साथ समय बिताएं। यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मेरे लिए परिवार के साथ समय बिताना नॉन-नेगोशिएबल है। हमारे घर में डिनर टेबल पर फोन रखना सख्ती से मना है। यह बिल्कुल नहीं चलता। हम इस समय एक-दूसरे से बातचीत करते हैं। यहां तक कि शूट के बाद, जब मैं घर जाती हूं, तो मेरी मां मेरे साथ बैठती हैं। मैं यह भी सुनिश्चित करती हूं कि मेरी बेटी भी इन बातों में शामिल हो। हम बहुत सारी चीजों पर चर्चा करते हैं।"

'इश्क़ जबरिया' शो में काम्या, मोहिनी का किरदार निभा रही हैं, जो आदित्य (लक्ष्य खुराना द्वारा अभिनीत किरदार) की चाची हैं। यह शो गुल्की (सिद्धि शर्मा द्वारा अभिनीत किरदार) की दिल छू लेने वाली यात्रा को दर्शाता है, जो बड़ी ख्वाहिशें रखने वाली एक जिंदादिल लड़की है और अपने प्यार और आत्म-खोज के सफर में कई अनपेक्षित चुनौतियों का सामना करती है।देखिए 'इश्क़ जबरिया' हर सोमवार से शनिवार, शाम 7:30 बजे, केवल सन नियो पर।

# अर्जुन कपूर बोले- जाह्नवी बुरे वक्त में मेरे साथ रही खुशी की भी तारीफ

अर्जुन कपूर ने हालिया इंटरव्यू में बहन जाह्नवी और खुशी कपूर के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात की है। उन्होंने बताया है कि जाह्नवी उनके बुरे वक्त में भी साथ खड़ी थीं। अर्जुन ने यह भी बताया कि ऐसे भी दिन आए हैं, जब दोनों बहनों ने उनका हाथ पकड़कर उन्हें सबसे मुश्किल वक्त से बाहर निकाला है। अर्जुन ने कहा- वे दोनों वास्तव में मेरे पीछे खड़ी रही हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता है कि जैसे मैं भाई हूं, जो उनकी सभी चीजों का देखभाल कर रहा हूं। लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं होता है। ऐसे पल आते हैं जब आप भी सेफ फील नहीं करते हैं। जाह्नवी ने मेरा कमजोर पक्ष देखा है। मेरी जिंदगी में जाह्नवी और खुशी का होना मेरे लिए बेहतर है। मैं उन्हें प्यार करता हूं। मुझे बहुत खुशी है कि वो अच्छा कर रही हैं। मुझे यह कहते हुए भी अच्छा लगा रहा है कि दोनों बहुत अच्छी तरह से पले-बढ़े बच्चे हैं। इस मौके पर जाह्नवी कपूर का वॉयस नोट सुनाया गया। उन्होंने भाई अर्जुन के बारे में कहा- हमने इन्हें पिछले 2 सालों से इंतजार करते हुए देखा है। जाह्नवी ने यह भी शेयर किया है कि अर्जुन के लिए यह सफर आसान नहीं रहा है। लेकिन वो बहादुरी से आगे बढ़ें। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अर्जुन और उनकी जर्नी पर गर्व है।




# 'ये है मोहब्बतें' के अभिषेक वर्मा ने की गर्लफ्रेंड से सगाई

अभिषेक वर्मा ने टीवी के मोस्ट पॉपुलर सिटकॉम 'ये है मोहब्बतें' से जबरदस्त नेम फेम कमाया है। एक्टर ने इसमें आदि का किरदार निभाया था। इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ में व्यस्त चल रहे हैं। अभिषेक ने अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड इदित्री गोयल से 28 नवंबर को सगाई की है। दोनों जल्द ही शादी के पवित्र बंधन में बंधने वाले हैं। अपने हैंडल पर अभिषेक ने अपनी मंगेतर के साथ सगाई की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और उन्हें कैप्शन में अपनी पत्नी बताया है। अभी तक अभिषेक वर्मा और इदित्री गोयल ने अपनी शादी से जुड़ी कोई खास अपडेट शेयर नही की है। ये है मोहब्बतें के अभिषेक वर्मा ने अपनी होने वाली पत्नी संग जो सगाई की तस्वीरें शेयर की है। उसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रहे हैं। अभिषेक ने ब्लू कलर की शेरवानी पहनी थी, जबकि इदित्री ने ब्लू कलर का लहंगा पहना था। वह गोल्डन एम्बेलिशमेंट के साथ हाइलाइट किए गए डार्क टोन वाले वेलवेट लहंगे में सबसे खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लहंगे को स्ट्रैपी ब्लाउज के साथ पहना था। चोकर और झुमके ने उनके लुक को और भी बेहतरीन बना दिया है। सॉफ्ट-मेकअप, लाल बिंदी और फूलों से सजे आधे बंधे हुए हेयरडू के साथ इदित्री ने अपने लुक को पूरा किया है। दोनों ने अपनी मुस्कुराहट से इन तस्वीरों को और भी ज्यादा सुंदर बना दिया। वहीं फोटोज में अभिषेक वर्मा अपनी मंगेतर इदित्री के साथ मस्ती भरे पोज देते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में कपल बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।



# इन काली आंखों की दुनियाभर में दीवानगी



नेटफ्लिक्स पर सस्पेंस थ्रिलर सीरीज ये काली काली आंखें का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज हुआ है। रिलीज होते ही ये सीरीज हिट हो गई है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज ग्लोबली नंबर-1 पर ट्रेंड कर रही है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट से इसकी जानकारी दी है। इसके साथ ही भारत में भी इस सीरीज को खूब पसंद किया जा रहा है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में इस सीरीज को देखा और प्यार दिया जा रहा है। सीरीज को सिद्धार्थ सेन गुप्ता बनाया है। सिद्धार्थ सेन गुप्ता इससे पहले बालिका वधु जैसे सुपरहिट सीरियल भी दे चुके हैं। अब उनकी सीरीज ये काली काली आंखें नेटफ्लिक्स पर ग्लोबली ट्रेंड कर रही है। सिद्धार्थ सेन गुप्ता की सीरीज ये काली काली आंखें का पहला सीजन 2022 में रिलीज हुआ था। हालांकि पहला सीजन लोगों तक नहीं पहुंच पाया। लेकिन हाल ही में इस सीरीज का दूसरा सीजन रिलीज हुआ तो धमाका हो गया। इस सीरीज को लोगों ने न केवल भारत में प्यार दिया है, बल्कि पूरी दुनिया में इसे देखा जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें इसकी जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने पोस्ट में बताया कि सस्पेंस थ्रिलर सीरीज ये काली काली आंखें ग्लोबली ट्रेंड कर रही है। इसके साथ ही भारत, बहरीन, मालदीव्स, मॉरीसस और बांग्लादेश में ये सीरीज टॉप-10 में बनी हुई है। इसके साथ ही यूएई, श्रीलंका, पाकिस्तान, कतर और ओमान में भी इस सीरीज को खूब देखा जा रहा है। नेटफ्लिक्स के मुताबिक इस सीरीज के दूसरे सीजन ने पहले को भी व्यूअरशिप में पुश किया है। सीरीज को लेकर लोगों की दीवानगी भी साफ देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस सीरीज की पॉपुलरिटी देखते हुए यहां तक दावा किया है कि ये नेटफ्लिक्स के सुपरहिट शो स्क्विड गेम को भी पीछे छोड़ सकती है।


# 'पुष्पा-2' के तूफान से घबराए विक्की!

## बॉक्स ऑफिस क्लेश टालने बढ़ाई 'छावा' की रिलीज डेट

मैं झुकेगा नहीं साला ये अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा का डायलॉग है, जिसने इस फिल्म की पॉपुलरिटी की गवाही दी। पुष्पा फिल्म 2021 रिलीज हुई थी और सुपरहिट रही थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी 6 दिसंबर को रिलीज होने वाला है। इसी दिन विक्की कौशल स्टारर फिल्म छावा रिलीज होने वाली थी। दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस क्लेश भी देखने को मिल सकता था। लेकिन अब विक्की कौशल स्टारर फिल्म छावा की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है। छावा अब इस साल 6 दिसंबर की जगह अगले साल 14 फरवरी को रिलीज होगी।

**सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिली जानकारी** - ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श द्वारा अपने आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट साझा करने के बाद सोशल मीडिया पर इसके स्थगित होने की खबरें ट्रेंड कर रही थीं। तरण आदर्श ने अपने एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) हैंडल पर लिखा, हाविकी कौशल - रश्मिका - अक्षय





खन्ना : छावा की नई रिलीज डेट की घोषणा। #छावा अब 14 फरवरी 2025 को नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज की तारीख विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह 19 फरवरी 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के साथ मेल खाती है। छावा के निर्माताओं ने अभी तक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के स्थगित होने की पुष्टि नहीं की है। लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो इस पुशबैक के पीछे की वजह तेलुगु फिल्म पुष्पा- 2 के साथ टकराव माना जा रहा है। साउथ फिल्म के लिए अपार प्रचार को देखते हुए यह स्पष्ट था कि इसका व्यवसाय छावा को बॉक्स ऑफिस पर गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाने का दूसरा संभावित कारण छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर छावा को रिलीज करना भी हो सकता है। यह फिल्म प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिए एक विशेष महत्व रखती है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित, छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं और अक्षय खन्ना मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका में हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में रश्मिका मंदाना भी हैं, जो फिल्म पुष्पा-2 में अल्लू अर्जुन की प्रेमिका की भूमिका भी निभा रही हैं।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# खेलने की उम्र में ब्याह

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है। दरअसल, यह शुरूआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यतः नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरूआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है, जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# पुण्यकर्म का फल

चीन के जिन साम्राज्य के गोंग परिवार में फाह्यान का जन्म हुआ था। वह बौद्ध भिक्षु, यात्री, लेखक एवं अनुवादक थे। एक दिन विद्वान संत फाह्यान किसानों के साथ चावल की खेती कर रहे थे। तभी अकाल पीड़ितों का एक दल चावल की चोरी करने आया। उन्हें देखकर सभी भिक्षु भाग गए। फाह्यान ने चोरों से कहा कि अगर तुम्हें चावल चाहिए तो तुम खुशी-खुशी ले सकते हो पर उससे पहले यह जान लो कि तुम आज भूखे और इस स्थिति में क्यों हो। पिछले जन्म में तुमने कोई पुण्य कर्म और दान नहीं किए हैं, इसलिए तुम आज यहां हो। अभी भी तुम किसी दूसरे के हिस्से का चावल लेना चाहते हो तो तुम सदा आशाहीन ही रह जाओगे। मैं तुम्हारे भविष्य व अगले जन्म को लेकर चिंतित हूं। ऐसा कहकर वे बौद्ध मंदिर की ओर लौट गए। चोरों के जीवन पर इस बात का गहरा प्रभाव पड़ा और उन्होंने फिर चोरी नहीं की। फाह्यान के इस व्यवहार को भिक्षुओं ने खूब सराहा। वे 399 ईसवी से लेकर 412 ईसवी तक भारत, श्रीलंका और नेपाल की यात्रा पर रहे। दस साल तक भारत में रहकर फाह्यान ने भारत की सभ्यता और संस्कृति पर नजर रखी और उसे यात्रा वृत्तांत में उद्धत किया।

**- मुग्धा पांडे**

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है। वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है।

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत ह्ववसुधैव कुटुम्बकमह्न की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है।

भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका



समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है।

आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान् कर्मयोद्धा कर रहा है।

दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है। वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं। भारत की अस्मिता का प्रतीक मातृशक्ति की आज सर्वत्र अवमानना की जा रही है। चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता से जूझता हुआ हमारा भारतीय समाज भोगवादी संस्कृति का आदी हो चुका है। अपने देश में भारत के हित में विचार करनेवाले, समाज की उन्नति के संबंध में चिंतन करनेवाले लोगों की कमी नहीं है। फिर भी आज देश की व्यवस्था में राष्ट्रभक्तों का अभाव दिखता है, संकीर्ण राजनीति एवं सत्ता की दौड़ में मूल्यों को धुंधलाने की स्थितियां कमजोर करती है। यही कारण है कि संपूर्ण देश में एक असंतोष की भावना दिखाई देती है। सरकारी यंत्रणाओं के प्रति जनमानस का विश्वास प्रायः लुप्त होता जा रहा है।

**- ललित गर्ग**

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं। व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

# 31 दिनों में से 10 दिन बंद रहेगा शेयर बाजार

2024 के आखिरी महीने दिसंबर में निवेशकों के लिए ट्रेडिंग का कैलेंडर महत्वपूर्ण है। महीने की शुरूआत से पहले ही यह जानना जरूरी है कि इस साल के अंत तक शेयर बाजार में कितने ट्रेडिंग सेशन्स बाकी हैं और कितने दिनों की छुट्टी है। इस महीने के 31 दिनों में से 10 दिन बाजार बंद रहेगा। इस हिसाब से दिसंबर में कुल 21 ट्रेडिंग सेशन्स होंगे।

**दिसंबर में छुट्टियों का विवरण** दिसंबर 2024 में शेयर बाजार सिर्फ एक दिन बंद रहेगा और वह है 25 दिसंबर (क्रिसमस)। इसके अलावा, हर हफ्ते के शनिवार (7, 14, 21, 28) और रविवार (1, 8, 15, 22, 29) को भारतीय शेयर बाजार हमेशा की तरह बंद रहेंगे।

निवेशकों को 25 दिसंबर की छुट्टी और वीकेंड्स का ध्यान रखते हुए अपने निवेश और ट्रेडिंग योजनाएं बनानी चाहिए।

कल कैसी थी बाजार की चाल?

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शानदार तेजी देखने को मिली। फ्लैट शुरूआत के बाद हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर के शेयरों ने बढ़त की कमान संभाली। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में उछाल ने भी बाजार को मजबूती दी।




बीएसई सेंसेक्स 759.05 अंक या 0.96% की बढ़त के साथ 79,802.79 पर बंद हुआ। दिनभर सेंसेक्स ने 79,026.18 के निचले स्तर से लेकर 79,923.90 के उच्चतम स्तर के बीच कारोबार किया।

एनएसई निफ्टी 50 भी 216.95 अंक या 0.91% चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ। निफ्टी ने दिन के दौरान 23,927.15 के निचले स्तर और 24,188.45 के उच्चतम स्तर को छुआ।

# बंद होने वाली है डेबिट कार्ड और मोबाइल वॉलेट की दुकान! अक्टूबर में वढकट्रांजेक्शन 10 अरब के पार

**नई दिल्ली | एजेंसी**

दिवाली में हुई बिक्री के दम पर अक्टूबर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने 10 अरब मर्चेंट ट्रांजेक्शन का आंकड़ा पार कर लिया। यह पिछले साल के मुकाबले 53% अधिक है। यूपीआई देश में डिजिटल पेमेंट के सबसे पसंदीदा जरिया बना हुआ है। इसने क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा मोबाइल वॉलेट को कहीं पीछे छोड़ दिया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ठढउक) के आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में कुल मिलाकर यूपीआई ने 16.5 अरब ट्रांजेक्शन दर्ज किए। इस दौरान डेबिट कार्ड और मोबाइल वॉलेट के यूज में गिरावट देखी गई।

ET ने 4 नवंबर को बताया था कि दिवाली के दिन 31 अक्टूबर को वढकने 64.4 करोड़ ट्रांजेक्शन दर्ज किए जो सिंगल डे में अब तक का रेकॉर्ड है। सभी मर्चेंट पेमेंट मोड में UPI सबसे तेजी से बढ़ा। क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन में अक्टूबर में 35% की बढ़ोतरी हुई। यह एक साल पहले लगभग 32 करोड़ की तुलना में 43.3 करोड़ पहुंच गया। लेकिन डेबिट कार्ड में गिरावट जारी रही। यह एक साल पहले 19 करोड़ था जो इस बार 24% गिरावट के साथ 14.4 करोड़ रह गया। डेबिट कार्ड का इस्तेमाल अक्टूबर में दो साल पहले की तुलना में आधे से भी कम रह गया।




**डेबिट कार्ड में गिरावट :** उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन में गिरावट के लिए आंशिक रूप से एटकऑफर की कमी को जिम्मेदार है। इस साल के त्योहारी सीजन के दौरान HDFC जैसे बैंकों ने डेबिट कार्ड पर कोई एटकऑफर नहीं दिया। बेंगलुरू की एक पेमेंट फर्म के चीफ एग्जीक्यूटिव ने कहा, 'मैंने इस साल शायद ही कोई डेबिट कार्ड एटकऑफर देखा हो। शायद यही एक मुख्य कारण है कि डेबिट कार्ड स्वाइप बिल्कुल भी नहीं बढ़े।

मोबाइल वॉलेट के इस्तेमाल में भी इसी तरह की गिरावट देखी गई। अक्टूबर में 44.2 करोड़ लेनदेन दर्ज किए गए, जो एक साल पहले के 53.3 करोड़ ट्रांजेक्शन की तुलना में 17% कम है। नोएडा की फिनटेक फर्म इंडियागोल्ड के को-फाउंडर दीपक एबट ने कहा कि वढक के लोकप्रिय होने के साथ डेबिट कार्ड और वॉलेट दोनों का चलन कम हो गया है। उन्होंने कहा, 'डेबिट कार्ड केवल अळट स्वाइप के लिए प्रासंगिक हैं और मोबाइल वॉलेट का उपयोग केवल गिफ्ट कार्ड और इस तरह के बहुत ही चुनिंदा उपयोग के मामलों में किया जाता है।'

**मोबाइल वॉलेट :** उन्होंने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बंद होने से उद्योग ने अपने सबसे लोकप्रिय ब्रांडों में से एक को खो दिया है। अक्टूबर 2022 और 2023 के बीच, मोबाइल वॉलेट लेनदेन में 9.4% की वृद्धि देखी गई थी। लेकिन यह पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बंद होने से पहले की बात है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि यूपीआई लोगों के बीच वास्तविक खाता-आधारित भुगतान पद्धति बन गई है, जबकि कार्ड का इस्तेमाल ज्यादातर क्रेडिट-आधारित खरीद के लिए किया जा रहा है। हालांकि असुरक्षित ऋण और नए कार्ड जारी करने की दर धीमी हो गई है लेकिन क्रेडिट कार्ड की संख्या 10.6 करोड़ तक पहुंच गई है, जो अब तक की सबसे अधिक है।

# 1,047 रुपए सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी आई भारी गिरावट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 22 नवंबर को सोने की कीमत 77,787 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो 30 नवंबर तक घटकर 76,740 रुपए पर आ गई यानी इस दौरान सोना 1,047 रुपए सस्ता हुआ।



चांदी की कीमत भी इस हफ्ते कम हुई। 22 नवंबर को चांदी 90,850 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 30 नवंबर को घटकर 89,383 रुपए रह गई। इस तरह चांदी 1,467 रुपए सस्ती हुई है। गौरतलब है कि चांदी ने 23 अक्टूबर को 99,151 रुपए और सोने ने 30 अक्टूबर को 79,681 रुपए का ऑल-टाइम हाई छुआ था।

**4 महानगरों में सोने की कीमत**

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,150 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,000 रुपए है।
चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

# छत्तीसगढ़ में 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 7वें संस्करण का आयोजन

**दबंग दुनिया | रायपुर**

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर अंचल ने बेमेतरा, छत्तीसगढ़ में 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 7वें संस्करण के एक भाग के रूप में मेगा किसान मेले का आयोजन किया। बड़ौदा किसान पखवाड़ा, बैंक का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है और जिसका उद्देश्य देश भर के किसानों और ग्रामीण समुदायों के साथ संपर्क स्थापित करते हुए भारतीय किसानों को बैंकिंग और कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए प्रेरित करना है।



बेमेतरा में आयोजित मेगा किसान मेले का उद्घाटन श्री राजेश मल्होत्रा , मुख्य महाप्रबंधक , बैंक ऑफ बड़ौदा ,श्री दिवाकर प्रसाद सिंह , महाप्रबंधक ,रायपुर अंचल प्रमुख , बैंक ऑफ बड़ौदा एवं मुख्य अतिथि डॉ.संदीप भंडारकर ,अधिष्ठता ,कृषि विश्वविद्यालय बेमेतरा द्वारा किया गया। राज्य/क्षेत्र में बड़ौदा किसान पखवाड़ा 2024 के दौरान, बैंक ने 130 आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से 15000 से अधिक किसानों से संपर्क किया और लगभग ?65 करोड़ के कृषि ऋण संवितरित/स्वीकृत किए। रायपुर अंचल में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और धमतरी क्षेत्र शामिल हैं।

इस वर्ष के बड़ौदा किसान पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, बैंक ने किसानों के लिए अपनी प्रमुख डिजिटल पेशकशों जैसे - डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल गोल्ड लोन का प्रचार-प्रसार किया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड (इडउउ) को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (फइक्त्र) के साथ एकीकृत किया है ताकि डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए किसानों को डिजिटल बीकेसीसी ऋण प्रदान किया जा सके। इसमें ग्राहक के ऑनबोर्डिंग से लेकर संवितरण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल है। डिजिटल बीकेसीसी की सुविधा फिलहाल 17 राज्यों में उपलब्ध है और इसे जल्द ही अन्य राज्यों में भी विस्तारित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, डिजिटल गोल्ड लोन के माध्यम से, ग्राहक बैंक के डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपनी सुविधानुसार गोल्ड लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के श्री राजेश मल्होत्रा , मुख्य महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, ₹बड़ौदा किसान पखवाड़ा, जो अब अपने 7वें वर्ष में है, देश के किसानों को नवीन बैंकिंग समाधानों के माध्यम से सहयोग प्रदान करने की बैंक ऑफ बड़ौदा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# अमेजन इंडिया का पहला ब्लैक फ्राइडे इवेंट 29 से 2 दिसंबर तक आयोजित होगा

**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने अपने पहले ब्लैक फ्राइडे इवेंट की घोषणा की है, जो 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होगा। वैश्विक स्तर पर एक बेहद लोकप्रिय इवेंट अमेजन इंडिया का पहला ब्लैक फ्राइडे इवेंट होगा, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाएंसेस, फैशन औश्र ब्यूटी कैटेगरी में एप्पल, सैमसंग, सोनी, नाइक, कैल्विन क्लेन, एडिडास, टॉमी हिलफिगर, पैनासोनिक, जीन पॉल, डाबर, एलजी, एल्डो, स्वारोवस्की जैसे ब्रांड्स पर डील्स मिलेंगी।

सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट, कैटेगरीज, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 की रिकॉर्ड तोड़ सफलता ने भारी बचत के लिए भारतीय ग्राहकों की भूख को प्रदर्शित किया है। अब हम वैश्विक स्तर पर अमेजन के लोकप्रिय शॉपिंग इवेंट ब्लैक फ्राइडे को पहली बार भारत में Amazon.in पर लेकर आ रहे हैं, जिसमें भारतीय और इंटरनेशनल दोनों ब्रांड्स के इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी, होम एप्लाएंसेस और डेकोर पर बड़ी बचत होगी। यह सभी श्रेणियों में ग्राहकों को असाधारण कीमत और शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय सड़कों पर एक लाखवां अर्बन क्रूजर हाइराइडर होने का जश्न मनाया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी-एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है।



जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक [एसएचईवी], नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन।

अर्बन क्रूजर हाइडर के केंद्र में इसका 1.5-लीटर का इंजन है जिसमें टीएचएस (टोयोटा हाइब्रिड सिस्टम) और ई-ड्राइव ट्रांसमिशन है, जो 85 केडब्ल्यू का संयुक्त पावर आउटपुट देता है। हाइराइडर की हाइब्रिड सिस्टम बाहरी चार्जिंग की आवश्यकता को समाप्त करती है, जिससे ग्राहकों के लिए हर समय सुविधा सुनिश्चित होती है। इसका अत्याधुनिक हाइब्रिड सिस्टम एक सहज और शांत ड्राइव प्रदान करता है, जो इंस्टेंट पावर डिलीवरी से युक्त है। यह, इसके उत्तरदायी प्रदर्शन और शांत संचालन के साथ मिलकर पर्यावरण के प्रति जागरूक लेकिन गतिशील ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, बहुमुखी प्रतिभा और शक्ति चाहने वाले ग्राहकों ने नियो ड्राइव पावरट्रेन को भी अपनाया है, जो एक वैकल्पिक ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) सिस्टम के साथ आता है - शहरी आवागमन और चुनौतीपूर्ण इलाकों दोनों के लिए बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

Scanned with OKEN Scanner

# पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन



**दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा**

रविवार 1 दिसंबर को हाई स्कूल अर्जुनी मे तेल कंपनियों के sense of duty अभियान के अंतर्गत हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी के थीम के साथ एक पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 10 प्रतिभागीयो ने भाग लिया और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बनकर प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने व्यंजनों के स्वाद और सुरक्षित खाना पकाने के आधार पर प्रथम स्थान पर किरण वर्मा ,द्वितीय स्थान पर चित्ररेखा साहू और तृतीय स्थान पर सुनीता वर्मा को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही सेफ्टी चेक में सर्वोत्तम परफॉर्मेंस वाले जिला के 15 डिलीवरी बॉय (HPC- 5, BPC- 5 और IOC- 5) को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री अमित शुक्ला (खाद्य निरीक्षक) बलौदा बाजार ने अपने वक्तव्य में सभी को सुरक्षा के 5 मूल मंत्र बताते हुए लकड़ी वाले चूल्हे को समाप्त करके छढत्र के उपयोग पर बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने के लिए मारुति एच पी गैस एजेंसी संचालक मिथलेश सेन, मा महामाया गैस एजेंसी के संचालक समीर अग्रवाल जय चंडी गैस एजेंसी संचालक भानुप्रतात घृतलहरे एवं इंडियन ऑयल सरकापुर गैस एजेंसी संचालक वर्मा जी अनवरत डटे रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच चित्ररेखा साहू एवं शिक्षक गंगा प्रसाद यादव ,डॉक्टर कमलेश सेन, अशोक पांडे सहित लगभग 100 महिलाये उपस्थित रही।

# सेवानिवृत्त संभागायुक्त, कलेक्टर एवं एसपी ने अनुभव पत्रिका का किया विमोचन

» समावेशी समाज के निर्माण के लिए बुजुर्गो को सम्मान देना जरूरी - डॉ. अलंग

» वरिष्ठ नागरिक संघ मुंगेली द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा अनुभव पत्रिका विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त संभागायुक्त डॉ संजय अलंग, कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, बी.आर.साव ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर, वरिष्ठ नागरिक संघ महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती यमला साहू, प्रदेश अध्यक्ष सी. पी. देवरस सहित संघ के पदाधिकारियों ने अनुभव पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों ने पुष्प भेंटकर और बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त संभागायुक्त डॉ. अलंग ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग का स्थान एक मजबूत स्तंभ की तरह रहा है, जो पूरे परिवार को संबल देने वाला होता है। समावेशी समाज के निर्माण के लिए बुजुर्गों को सम्मान देना जरूरी है। सभी के सहयोग से ही इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का भरण-पोषण का अधिनियम आया, तब समाज का ध्यान इस ओर गया। वरिष्ठजन हमारी संस्कृति के धरोहर हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों की तीन श्रेणी बताई और उसमें आवश्यक पहल करने की बात कही।

**समाज को दिशा में वरिष्ठजनों की भूमिका महत्वपूर्ण - कलेक्टर**

कलेक्टर श्री राहुल देव ने अनुभव पत्रिका के विमोचन के लिए सभी वरिष्ठ नागरिकों को बधाई दी और कहा कि आप लोग इस पत्रिका को न सिर्फ प्रकाशित करने का बीड़ा उठाया, बल्कि वरिष्ठजनों के अनुभवों को संकलित करने का प्रयास किया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सभी बुजुर्गों के पास अनुभवों का खजाना होता है, यदि युवा पीढ़ी इसे प्राप्त कर ले, तो उनका जीवन सरल हो सकता है। युवा पीढ़ी को आप लोगों से सीखना चाहिए कि कैसे जीवन जिएं। वरिष्ठजन समाज को दशा और दिशा दोनों देते है। एक अच्छा समाज के पैरामीटर में हमें बुजुर्गों को जरूर स्थान देना चाहिए।

**वरिष्ठजन की भूमिका समाज मे जामवंत की तरह - पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने कहा कि आप लोग सागर की तरह है। बिना किसी संसाधन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए सम्मानपूर्वक यहां तक पहुंचे है। उन्होंने रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि आप सभी लोग हमारे समाज के जामवंत है। जिस तरह जामवंत ने बजरंगबली को उनकी शक्ति से परिचय कराया। उसी तरह आप भी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों को समाज के सशक्तिकरण में योगदान देने का आग्रह किया। वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. देवरस ने कहा कि अनुभव पत्रिका का विमोचन वरिष्ठ नागरिकों को साहित्य से जोड़ने के लिए प्रयास है। वरिष्ठ नागरिक संघ के जिला अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने वरिष्ठजनों के कल्याण के लिए शासन और प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सुभाष दीक्षित ने अनुभव पत्रिका के संबंध में संक्षिप्त में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्रिका को तैयार करने में सभी वरिष्ठजनों और प्रमुख नागरिकों का योगदान रहा है। पत्रिका का प्रारंभ मुंगेली बंदन से हुई है। इस पत्रिका में वरिष्ठजनों का विचारधारा, नारी शक्ति का सम्मान, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पर्यटन स्थल व प्राकृतिक सौंदर्य और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाओं और योजनाओं का उल्लेख है। कार्यक्रम के समापन में अथितियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन नीलकंठ तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम श्रीमती पावर्ती पटेल, वरिष्ठ नागरिक संघ सचिव श्री प्रमोद पाठक सहित वरिष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारीगण, छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ मुंगेली के जिला अध्यक्षसईद खान, गणमान्य नागरिक अनिल सोनी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकजन मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के आतंक से श्रंगारिका गली अंबिकापुर रोड के लोग दहशत में

**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**



पत्थलगांव पिछले 15दिनों से अंबिकापुर रोड श्रंगारिका कालोनी में आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है बच्चों को बुजुर्गो को महिलाओं को आवारा कुत्ते कांट कर घायल कर रहे हैं जिसके कारण वायरस न फैल जाए करके लोगों को इंजेक्शन लगाने पड़ रहे हैं मोहल्ले में रहने वालें महेश अग्रवाल ने बताया कि कुत्तों के द्वारा दौड़ाया जाता है काटा जाता है और तो और दो पहिया और चार पहिया वाहनों की सीट को भी काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया जता है जिसकी शिकायत नगर पंचायत कमर्चारियों को मौखिक रूप से की गई थी उन्होंनेअपना पल्ला झाड़ा मोहल्ले मे रहने वाली महिला ममता अग्रवाल ने बताया कि उनके परों में काफी दर्द है और रोज मंदिर जाने के लिए जैसे ही घर से बाहर निकलती है कुत्ते दौड़ने लगते हैं दुकान में काम करने वाली कुमारी भारती यादव ने बताया कि घर सामान छोड़ने गई थी कुत्ते ने दौड़ा कर काट दिया जिसके कारण इंजेक्शन लगवाना पड रहा है एवं मानसिक स्थिति भी खराब हो रही है रात में सपने में तरह-तरह के जानवर नजर आते हैं मोहल्ले में रहने वाले शिवशंकर अग्रवाल पीतांबर अग्रवाल ममता अग्रवाल संतोष अग्रवाल ललित चौहान महेश अग्रवाल मौसम अग्रवाल एवं अन्य का नगर पंचायत के अधिकारियों से निवेदन है कि जल्द से जल्द हमें इस दहशत से निजात दिलाया जाये।

# किसानों को याद आ रही है भूपेश सरकार : युधिष्ठिर नायक

**दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा**



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक वनांचल ने मीडिया को बताया कि, छत्तीसगढ़ के मजदूर किसान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को याद कर रहे हैं, और अपनी पूर्व धान बिक्री को सोच रहे हैं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के कार्यकाल में न तो, कहीं बारदाने की समस्या थी, और ना हीं धान खरीदी बिक्री में किसान परेशान थे, ना उठाव की समस्या थी। परन्तु जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से किसान परेशानी का सामना कर रहे हैं, आज धान खरीदी केंद्र में न तो पुराने बरदानों की व्यवस्था की गई हैं, और ना हीं समुचित व्यवस्था की गई है ना ही किसानों को पूरी रकम मिल रही है, और ना हीं उनके वादे के मुताबिक 72 घंटे में पैसे मिल रहे हैं, इस इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है, नायक जी ने आगे बताया कि राइस मिलर्स भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार से परेशान है, क्योंकि धान मिलिंग के लिए भूपेश सरकार द्वारा120 रुपए रखा गया था, जिसे साय सरकार ने घटाकर 60 रुपए कर दिया गया है, जहां कांग्रेस सरकार में सैकड़ो राइस मिल स्थापित हुई थी, अब ऐसे लगने लगा है कि सैकड़ो राइस मिल में ताले ना लग जाएं,

# किसानों को याद आ रही है भूपेश सरकार : युधिष्ठिर नायक



» परियोजना निदेशक ने विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया

**दबंग दुनिया ♦ जीपीएम**

परियोजना निदेशक जिला पंचायत (डीआरडीए) दिलेराम डाहिरे ने जनपद पंचायत मरवाही के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत मझगवां, गुदुमदेवरी, डोंगरिया एवं मेढूका में प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मनरेगा के तहत चल रहे अन्य निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिशन प्रबंधक श्री दुर्गा शंकर सोनी, जनपद सीईओ मरवाही श्री शंभू प्रसाद गुप्ता, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं आवास मित्र उपस्थित थे।

# आदर्श शिशु वाटिका सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव में शिशु नगरी कार्यक्रम

**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**





नई शिक्षा नीति लागू की गई है। यह भारतीय शिक्षा प्रणाली की कमियों को दूर करने, रटने की अवधारणा को दूर करने पर केंद्रित है। जिस पर आधारित सरस्वती शिशु मंदिर के आदर्श शिशु वाटिका पृथक से निर्माण किया गया है।

विदित हो कि 12 शैक्षिक व्यवस्था के अंतर्गत यह विद्यालय पृथक से संचालित है। जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा नवनिर्मित आदर्श शिशु वाटिका में शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्यातिथि के रूप में संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू, विशिष्ट अतिथि शिशु वाटिका प्रांत प्रमुख रामकुमार वर्मा,रायगढ़ विभाग के विभाग समन्वयक वीरेंद्र विश्वकर्मा मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय ने सभी अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया था जिसमें सैंकड़ों की संख्या में अभिभावक शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, ॐ और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसके पश्चात नसरी कक्षा के नन्हें बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। इसी क्रम में बच्चों ने शानदार कविता, भगवान राम के गानों पर नृत्य,सत्यम शिवम सुंदरम,छत्तीसगढ़िया कर्मानृत्य, डांडिया, ओड़िया नृत्य सहित विभिन्न भाषाओं पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी गई। नन्हें बच्चों की मनमोहक नृत्यकला से अभिभावक समेत अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे।इस दौरान कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रांगण में बच्चों के माताझपिता अभिभावकों के बीच अनेकों क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे कक्षा अरुण के अभिभावक अपने बच्चे को पीठ पर उठाकर दौड़ लगाते दिखे। वहीं जलेबी दौड़,चम्मच दौड़, जोड़ी मिलाओ, शब्द चित्र दौड़,कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखी गई एवं कक्षा अरुण के अभिभावकों के मध्य माचिस की डिब्बियों में तिली भरो प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के प्रथम एवं द्वितीय विजेता अभिभावकों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया, विद्यालय द्वारा समस्त अभिभावकों के लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था रखी गई थी। राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के मानसिक विकास और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिस प्रकार बच्चों को विद्यालय में शिक्षकों द्वारा शिक्षा दी जाती है उसी प्रकार उन्हें घरों में भी नित्य प्रति अभिभावकों द्वारा शिक्षा दी जानी चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारिक शिक्षा भी की दी जाती है। इस दौरान उन्होंने समस्त मौजूद अभिभावकों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, व्यवस्थापक प्रयागराज अग्रवाल, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल,विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार पाढ़ी, प्रधानाचार्य डेमूधर बंजारा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

आज दिनांक 29 नवंबर 2024 को सक्ती के नंदेली भाटा खेल मैदान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, रस्सा कसी, बास्केटबॉल,वेटलिफ्टिंग, 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ एवं तवा फेक का खेल संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मालखरौदा, सक्ती, जैजैपुर एवं डभरा विकासखंड के महिला खिलाड़ियों ने सम्मिलित होकर अपने-अपने खेलों का प्रदर्शन किया। महिलाओं का यह खेलकूद प्रतियोगिता दो वर्ग में आयोजित हुआ था 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष। इस खेल प्रतियोगिता में चारों विकासखंड से लगभग 210 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता को उद्घाटन सक्ती के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरुण कुमार सोम के मुख्य आतिथ्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्री एन के चंद्रा के अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि श्री रविशंकर राठौर तहसीलदार सक्ती एवं राजकुमार रात्रे जनपद पंचायत सक्ती की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश कुमार जायसवाल प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा द्वारा किया गया। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग हरि पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ। समस्त खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में भोग सिंह , चंद्र प्रकाश तिवारी, अनीश जयसवाल, कलेश्वरी साहू, मोहन सिंह, भास्करन नायर, रोशन शाह, अजय शाहा, विनोद उरांव सहित व्यायाम शिक्षकों का योगदान रहा।

## विश्व एड्स दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**सक्ती।** विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग सक्ती के द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग (चिरायु) एवं ग्राम पंचायत, बसंतपुर गोरखपाली के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 1 दिसंबर 2024 को अपराह्न 12 बजे प्राथमिक शाला, बसंतपुर (मालखरौदा) में एड्स जागरूकता एवं चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन गया है जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय सिंह पटेल के साथ संगठन पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग की विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, उक्त जानकारी देते हुए डा विजय लहरे (प्रदेश सचिव मेडिकल सेल NHRSJC) ने बताया कि एड्स दिवस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका श्रीमती अनिता पटेल (सरपंच, ग्राम पंचायत) की ओर से मितानिनों से आग्रह किया गया है कि संबंधित हितग्राहियों को इस शिविर का अधिकाधिक लाभ दिलाने हेतु प्रयास करें ।

# छत्तीसगढ़ के 300 प्रतिभागियों ने बेंगलुरु आश्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के विशेष कोर्स में अनुभव की दिव्यता और सकारात्मकता"

**बंग दुनिया ♦ तखतपुर**



आर्ट ऑफ लिविंग का छत्तीसगढ़ स्पेशल कोर्स 300 प्रतिभागियों के साथ 24 से 29 नवंबर तक आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय बेंगलुरु में संपन्न हुआ। इस कोर्स में एडवांस्ड मेडिटेशन प्रोग्राम, मेघा लेवल दो, सहज समाधि आदि के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रशिक्षको में विकास साहू, प्रीतपाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, सरिता बाजपेयी थी। ज्ञात हो कि आर्ट ऑफ लिविंग के मुख्यालय बेंगलुरु आश्रम में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों के लिए स्पेशल कोर्स का आयोजन 26 से 29 नवंबर तक किया गया था जिसमें एडवांस कोर्स, मेघा योग लेवल दो, एवं सहज समाधि कोर्स शामिल थे। इसमे में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से लगभग 300 प्रतिभागी बेंगलुरू पहुंचे थे, जहां आश्रम के सबसे विशिष्ट हाल विशालाक्षी मंडप में कोर्स का आयोजन हुआ। कोर्स के दौरान सभी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रतिदिन सत्संग एवं उनके मधुर वचनों को प्रत्यक्ष सुना। प्रीतपाल सिंह एवं विकास साहू को इस दौरान सत्संग में भजन गाने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका लाइव प्रसारण पूरी दुनिया में यूट्यूब के माध्यम से किया गया। उनके गाये छत्तीसगढ़ी भजन ₹जब हर हर हर बोला गुरु महादेव₹ पर उपस्थित हजारो श्रोता झूम उठे और सभी ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के नारों से अभिवादन किया। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात प्रतिभागियों ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि यह अपने आप में एक अद्भुत एवं अनोखा आयोजन था कोर्स के दौरान सभी ने दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया और कहां कि यह अनुभव हमारे जीवन में एक नया प्रकाश लेकर आया है व जीवन को एक नई दिशा मिली है। गुरुदेव से भेंट के पश्चात सभी के चेहरे खुशी एवं आनंद से खिल गये व उनकी सारी चिंताएं समाप्त हो गई। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों का इस सफल आयोजन के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद दिया व अगले साल फिर से ऐसे आयोजन का आयोजकों से अनुरोध किया है। अंत में प्रतिभागियों द्वारा सभी प्रशिक्षकों का उपहार भेटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाली से संतोष भावनानी, मुंगेली से हेमंत, शीतल देवांगन, नैला जांजगीर से अजय अग्रवाल, रायपुर से नीति मिश्रा, दुर्ग से अरुण हड़ोले, बस्तर से विकास सिंह चौहान, दुर्गा रतलम, बिलासपुर से सीमा अग्रवाल, महाराष्ट्र से नेहा ठकर, ग्रामीण क्षेत्र से हमीदा बानो, परशु, जितेंद्र, व बैंगलोर आश्रम टीम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस आयोजन के लिए केंदीय मंत्री तोखन साहू का भी विशेष सहयोग मिला।

Scanned with OKEN Scanner

Sports News

## दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग : अक्षांश चौधरी ने की शानदार गेंदबाजी

लखनऊ। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी लखनऊ के मैदान पर आयोजित कृष्णा साईं हंड्रेड बॉल दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का पहला मैच लखनऊ हीरोज एवं मेरठ फाइटर के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ हैरिस ने मेरठ फाइटर को 10 विकेट से एक तरफा हराकर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में अक्षांश चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ फाइटर की पूरी टीम 61 रन पर आउट हो गई। इसमें कैलाश प्रसाद ने 12 और कपिल कुमार ने 11 रन का योगदान दिया। लखनऊ हीरोज की ओर से अक्षांश चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। इसके अलावा महताब अली भी चार विकेट लेने में सफल रहे। एक विकेट तनवीर को मिला, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम के बल्लेबाजों ने अपने खतरनाक इरादे पहली गेंद से ही बता दिए और मैच को पांच ओवर में ही जीत लिया। इसमें पिंटू यादव के चार छक्के और पांच चौकों की मदद से नॉट आउट 48 रन का शानदार योगदान रहा। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी के सीओओ फैसल अल्वी द्वारा अक्षांश चौधरी को दिया गया। सोमवार को पहला मैच मेरठ फाइटर और गोरखपुर टाइगर्स के बीच होगा। दूसरा मैच लखनऊ हीरोज एवं गोरखपुर टाइगर्स के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आफइंडिया के जनरल सेक्रेटरी हारून रशीद मुख चयनकर्ता आशीष कुमार श्रीवास्तव मलखान यादव की आदि उपस्थित थे।

## मुरादाबाद के शुभम 58 किग्रा वजन में व नईम अहमद 87 किग्रा वर्ग में अव्वल

एजेंसी, मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस लाइन में बरेली जोन की 49वीं अन्तरजनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर (महिला/पुरुष) जूडो, वुशू ताइक्कांडों, कराटे एवं पेंचक सिलॉट प्रतियोगिता-2024 दूसरे दिन रविवार को भी जारी रही। आज खेले गये मुकाबलों में ताईक्वान्डों पुरूष वर्ग मैच में 58 किग्रा वजन में मुरादाबाद के शुभम प्रथम स्थान पर रहे व अमरोहा के तारिक अय्यूब द्वितीय स्थान पर और 87 किग्रा वर्ग मे मुरादाबाद नईम अहमद प्रथम व पीलीभीत के प्रवेश भाटी द्वितीय स्थान पर रहे।

इसके अलावा महिला वर्ग में 67 किग्रा वजन मे रंजना सिंह बरेली प्रथम व बबीता मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। 73 किग्रा वजन मे अर्चना कुमारी बरेली प्रथम व सोनी रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। जूडो पुरुष 66 किग्रा वर्ग मे सुमित बंसल बदायूँ प्रथम व संजोग मान रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। 100 प्लस किग्रा वर्ग में राहुल आनन्द मुरादाबाद प्रथम व इमरान पीलीभीत द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 57 किग्रा में राखी मुरादाबाद प्रथम व नेहा रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। 70 किग्रा वर्ग मे सोनी रामपुर प्रथम व अलका मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। वुशु पुरूष 70 किग्रा वर्ग मे रणधीर मुरादाबाद प्रथम व राजकुमार रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। 80 किग्रा वर्ग मे कोमेश कसाना बदायूँ प्रथम व नन्द कुमार मिश्रा बरेली द्वितीय स्थान पर रहे।

महिला वर्ग 48 किग्रा वर्ग में अनु अमरोहा प्रथम व हिना बिष्ठ रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। 56 किग्रा वर्ग मे रिचा रामपुर प्रथम आशा मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका, सुहैल अहमद, संजय गिरी, पिन्टू सैनी, निशान्त सिंह, प्रिया दिवाकर, रूची अग्रवाल, आलोक कुमार, रोहित, यश कुमार, अभिषेक चौहान व एनाउन्सर की भूमिका करतार सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को पुलिस लाईन मुरादाबाद में होगा।

# आईसीसी बैठक में भी चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन को लेकर नहीं बनी बात




एजेंसी,दुबई

शुक्रवार को हुई ऑनलाइन आईसीसी बैठक के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका। इस बीच, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी दुबई में मौजूद थे और पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की भारत पर जीत पर चर्चा कर रहे थे। सभी की निगाहें इस पर टिकी थीं कि पीसीबी, बीसीसीआई और आईसीसी अगले साल के टूर्नामेंट पर कोई सहमति बना पाएंगे या नहीं। जैसा कि उन्होंने गुरुवार सुबह कहा था, नक़वी ने टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्पष्ट रूप से खारिज नहीं किया। उन्होंने अपने पहले के बयान को ही दोहराया। दुबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, हम वही करेंगे जो क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा होगा। यदि हम कोई दूसरा फ़ॉर्मूला अपनाते हैं (पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेज़बानी छोड़कर), तो यह समानता के आधार पर होगा। पाकिस्तान के लिए सबसे अहम उसका सम्मान है, बाक़ी सभी चीज़ें इसके बाद आती हैं। इस तरह की व्यवस्था कैसी दिखेगी, यह अब भी अनिश्चित है। समानता पर नक़वी की लगातार की गई टिप्पणियों से अटकलें तेज़ हो गई हैं कि पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के बदले में कुछ रियायतें हासिल करना चाहेगा। इसमें एक संभावना यह हो सकती है कि भारत को अपने मैच पाकिस्तान से बाहर खेलने पर सहमति जतानी पड़े, जबकि एक अन्य समझौता यह हो सकता है कि भविष्य में भारत में आयोजित किसी भी टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान अपने मैच भारत के बाहर खेले। इसके अलावा, पीसीबी के लिए वित्तीय मुआवज़े की संभावना भी चर्चा में है। हालांकि, नक़वी ने सप्ताह की शुरुआत में यह स्पष्ट किया था कि निर्णय आर्थिक लाभ के आधार पर नहीं लिए जाएंगे।

ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि अगले कुछ दिनों में इस मामले पर निर्णय लिया जा सकता है, हालांकि नक़वी की टिप्पणियों से यह स्पष्ट होता है कि अब भी कई अहम मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है। ऐसा माना जा रहा है कि किसी भी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए आईसीसी को सौंपने से पहले भारत और पाकिस्तान दोनों की सरकारों की सहमति लेनी होगी। भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, और पीसीबी ने कई बार यह कहा है कि उनकी ओर से उठाए गए किसी भी कदम को उनकी सरकार की स्वीकृति ज़रूरी होगी।

# जय शाह ने चैंपियंस ट्रॉफी पर फैसले से पहले संभाली आईसीसी की कुर्सी



एजेंसी,दुबई

आईसीसी के चेयरमैन के रूप में रविवार को अपना कार्यकाल शुरू करने जा रहे जय शाह ने ओलंपिक में खेल की उपस्थिति का लाभ उठाने और दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा पेश की है। उन्हें 27 अगस्त, 2024 को आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया था। अब तक जय शाह बीसीसीआई के सचिव के रूप में काम कर रहे थे। वह आईसीसी का चेयरमैन बनने वाले 5वें भारतीय हैं। 36 वर्षीय शाह को ग्रेग बार्कले की जगह लेने के लिए निर्विरोध आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया, जो नवंबर 2020 से इस पद पर हैं। वह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए हैं। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद आईसीसी चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में शाह ने कहा, मैं आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स 28 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं। मैं इन अवसरों का लाभ उठाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

क्रिकेट प्रशासन में शाह का सफर 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से शुरू हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के विकास की देखरेख की। 2019 में वह बीसीसीआई के सचिव बनते हुए उन्होंने इस पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति का ओहदा हासिल किया। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और आईसीसी की वित्त और अन्य कुछ मामलों की समिति के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। बीसीसीआई में अपने कार्यकाल के दौरान शाह ने रिकॉर्ड तोड़ आईपीएल मीडिया अधिकार डील, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के निर्माण, बेंगलुरु में एक नए अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और उद्घाटन तथा टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की देखरेख की। शाह ने कहा, मैं पिछले चार वर्षों में ग्रेग बार्कले की भूमिका के लिए उनके नेतृत्व और उस अवधि के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के लिए उनका भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि वैश्विक स्तर पर खेल की पहुंच और विकास का विस्तार हो सके।

# यूएसपीएल सीजन 3 : न्यू जर्सी टाइटंस को हरा न्यूयॉर्क काउबॉयज फाइनल में



एजेंसी, फ्लोरिडा

फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में कप्तान जेक लिंटॉट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई। करो या मरो के इस गेम में न्यूयॉर्क काउबॉयज ने न्यू जर्सी टाइटंस को 30 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ काउबॉयज ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, जहां उनका सामना टॉप पर मौजूद मैरीलैंड मेवरिक्स के साथ होगा।

तीन हार के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करने वाले न्यूयॉर्क काउबॉयज ने असाधारण खेल दिखाते हुए लगातार 4 मुकाबले जीतकर ट्रॉफी की मजबूत दावेदारी पेश की है। न्यूयॉर्क काउबॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ शुरुआत की और मुख्तार अहमद की 41 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी की बदौलत पावरप्ले में 63 रन बोर्ड पर लगा दिए। जिसके बाद पारी कुछ लड़खड़ाई, लेकिन अंत में परवीन कुमार के 13 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 और कप्तान लिंटॉट के 10 रनों ने टीम को 9 विकेट के नुकसान पर 152 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, जब न्यू जर्सी टाइटंस को 18 गेंदों पर 36 रनों की आवश्यकता थी। तब कप्तान लिंटॉट ने 18वें ओवर की जिम्मेदारी खुद उठाई और जैसा वह चाहते थे वैसा ही हुआ। जहां इस ओवर के पहले तक टाइटंस का स्कोर 117/5 था, वहीं इस ओवर के बाद टीम 119/9 के स्कोर पर पहुंच गई और 19वां ओवर खत्म होते-होते 122 रनों पर धराशाई हो गई। काउबॉयज के लिए जेक लिंटॉट और परवीन कुमार दोनों ने ही शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। रेडपाथ 1960 और 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नियमित हिस्सा थे और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य भी थे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच ऑस्ट्रेलिया में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलॉन्ग के रहने वाले रेडपाथ ने 66 टेस्ट मैच खेले और 43.45 की औसत से 4737 रन बनाए, जिसमें 8 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 171 रहा। उन्होंने 83 कैच पकड़े, जिनमें से अधिकतर स्लिप में थे और उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उन्होंने 1963-64 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू किया और साथी विक्टोरियन बिल लॉरी के साथ 219 रनों की ओपनिंग साझेदारी में 97 रन का योगदान दिया। रेडपाथ का पहला टेस्ट शतक, एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था।

जल्द ही वह अपने धैर्य और सहनशीलता के चलते ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए। उनकी वरिष्ठता और नेतृत्व को तब स्वीकार किया गया जब उन्हें 1974-75 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान इयान चैपल के साथ उप-कप्तान बनाया गया। इसके बाद भी उन्होंने यह जिम्मेदारी कुछ अन्य सीरीज में भी निभाई। सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा, इयान एक बहुत ही सम्मानित व्यक्ति थे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में हर कोई उनके निधन से बहुत दुखी होगा। एक बेहतरीन सलामी बल्लेबाज के रूप में इयान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान युगों में से एक के दौरान राष्ट्रीय टीम का मुख्य आधार थे। अपने साहस, कौशल और शानदार व्यक्तित्व के लिए दुनिया भर में मशहूर थे। उन्होंने आगे कहा, हमें इयान को 2023 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर क्रिकेट द्वारा प्रदान किए गए अद्भुत अनुभवों और रिश्तों के बारे में बोलते हुए सुनने का सौभाग्य मिला और खेल के प्रति उनका यह गहरा प्यार प्रथम श्रेणी और सामुदायिक स्तर पर क्रिकेट में उनके विशेष योगदान में प्रकट हुआ। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में सभी की संवेदनाएं इस दुखद समय में इयान के परिवार और कई दोस्तों के साथ हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे बेन स्टोक्स



एजेंसी,क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्टोक्स पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टिम साउदी को गेंदबाजी करते हुए बेन स्टोक्स को अपना ओवर थोड़ी परेशानी के कारण बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनकी जगह गस एटकिंसन को ओवर खत्म करने के लिए गेंद दी गई। इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी नहीं की, हालांकि उन्होंने मैदान पर बने रहने का फैसला किया। इंग्लैंड ने चौथे दिन 104 रनों का पीछा करते हुए यह मैच जीत लिया। स्टोक्स ने मैच खत्म होने के बाद कहा, यह सप्ताह काफी व्यस्त रहा। मैदान पर काफी समय बिताया और मैंने 20 ओवर गेंदबाजी की। बल्ले से भी मैंने पूरी कोशिश की। गेंद के लिए डाइव करते समय मेरी पीठ में चोट लग गई, इसलिए यह किसी और चीज से ज्यादा प्रबंधन की बात थी। हम खेल में जिस स्थिति में थे, मुझे लगा कि और गेंदें निकालना जरूरी नहीं है। मुझे लगता है कि इस मैच के लिए शरीर फिट रहेगा और मैं वेलिंगटन के लिए खेलने के लिए बेताब हूं। मैच में स्टोक्स ने दूसरी पारी में 80 रन बनाए, उन्होंने कुल 19.3 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने हैरी ब्रूक और गस एटकिंसन के साथ साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में 499 रन बनाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, यह अच्छा था। गस और कार्सी के आने और इस तरह से बल्लेबाजी करने के बाद, मैं उन्हें स्ट्राइक दे रहा था और सोच रहा था कि मुझे यह भूमिका निभानी चाहिए! हम खुद को एक मुश्किल स्थिति में पा रहे थे और मैंने ब्रूक के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश की ताकि हम एक अच्छा स्कोर बना सकें। ब्रूक ने 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली और न्यूजीलैंड द्वारा पांच बार कैच छोड़े जाने के कारण किस्मत ने उनका साथ दिया। उन्होंने कहा, जब विपक्षी टीम बाएं, दाएं और बीच में कैच छोड़ रही हो तो आप आगे बढ़कर बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड अब सीरीज में 0-1 से पीछे है, कप्तान टॉम लैथम ने माना कि अभी भी उन्हें कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है।

# इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड



एजेंसी,क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं। पिछले महीने रूट जिनके नाम 12, 777 रन हैं, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे और उन्होंने एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि मात्र 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की, जबकि कुक ने यह उपलब्धि 161 टेस्ट और 291 पारियों में हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं।

इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान शतकों की संख्या में कुक को पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाया था। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए थे।

# हॉकी इंडिया ने जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की



एजेंसी,नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने रविवार को आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह प्रतियोगिता 7 से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में खेली जाएगी। पिछले साल फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब हासिल करने के बाद गत चैंपियन के रूप में भारत बड़ी उम्मीदों के साथ इस टूर्नामेंट में उतरेगा। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम की कमान ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि साक्षी राणा उप-कप्तान होंगी। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप में टीम में दो गोलकीपर हैं, जबकि डिफेंस की कमान मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्डर में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई अटैक का नेतृत्व करेंगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है।

टीम के चयन पर कोच तुषार खांडेकर ने जारी बयान में कहा कि हम महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा के लिए उत्साहित हैं। यह एक विशेष समूह है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का शानदार संतुलन है। हमारे कई खिलाड़ी पहले ही सीनियर स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं और उनकी उपस्थिति टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी। हमारा ध्यान आक्रामक, अनुशासित खेल खेलने और मैच दर मैच आगे बढ़ने पर है। हमें अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा है और हमारा मानना ??है कि इस टीम में खिताब की रक्षा करने और देश को फिर से गौरवान्वित करने की क्षमता है। भारतीय टीम अपना पहला मैच 8 दिसंबर को बांग्लादेश से खेलेगी।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने जीता डब्ल्यूबीबीएल 2024 का खिताब




एजेंसी,मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024 संस्करण का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को फाइनल मुकाबले में मेलबर्न रेनेगेड्स ने ब्रिस्बेन हीट को 7 रनों से हरा दिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में ब्रिस्बेन हीट को 12 ओवरों में 98 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 12 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी और 7 रन से मुकाबला हार गई। मेलबर्न रेनेगेड्स ने पहली बार महिला बिग बैश लीग की ट्रॉफी अपने नाम की है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद मेलबर्न रेनेगेड्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज हैली मैथ्यूज ने बनाए। उन्होंने 8 चौकों की मदद से 61 गेंदों में 69 रन बनाए। जॉर्जिया वेयरहैम ने 21 रन और नाओमी स्टालेनबर्ग ने 16 रन की पारी खेली। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज ज्यादा कुछ योगदान नहीं दे पाया। ब्रिस्बेन हीट के लिए चार्ली नॉट ने 3 और ग्रेस पार्सन्स ने 2 विकेट अपने नाम किए, जबकि लुसी हैमिल्टन, निकोला हैनकॉक और जेस जोनासेन ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया। इसके बाद ब्रिस्बेन हीट की बल्लेबाजी के समय बारिश ने खलल डाला। बारिश रुकने के बाद ओवर और लक्ष्य को घटा दिया गया। ब्रिस्बेन हीट को डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार 12 ओवरों में 98 रनों का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में ब्रिस्बेन हीट की टीम 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 90 रन ही बना सकी और सात रन से मुकाबला हार गई। टीम के लिए कप्तान जेस जोनासेन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 44 रन की पारी खेली। कप्तान के अलावा अन्य किसी बल्लेबाज का बल्ला नहीं चला। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हैली मैथ्यूज ने 2 विकेट, चारिस बेकर, मिल्ली इलिंगवर्थ, सोफी मोलिनेक्स, डिएंड्रा डॉटिन ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया।

Scanned with OKEN Scanner

# शिविर में विधिक साक्षरता,साइबर सेलव एड्स जागरुकता की दी जानकारी




दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक के मार्गदर्शन व डॉ किशोर कुमार तिवारी प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दिशा- निर्देश में एवं कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में खपरीडीह में आयोजित सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस पर विधिक साक्षरता,साइबर सेल व एड्स जागरुकता को लेकर कार्यक्रम हुआ। शिविर के चतुर्थ दिवस आयोजित कार्यक्रम में पिंकू साहू विधिक सलाहकार , चोला मंडल फाईनेस लिमिटेड सरायपाली द्वारा साक्षरता व साइबर सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दिए. वतर्मान समय में पढ़े लिखे लोग भी अधिकतर आनलाईन ठगी का शिकार हो रहे है. ठगी के कारण व समाधान की जानकारी देते हुए उनसे सावधान रहने के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही भारत के संविधान के मौलिक अधिकार व विधिक संहिता के बारे में बताया गया. एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया. साथ ही रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरुकता का संदेश दिए. इस कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार भोई प्रधान पाठक शास उच्च प्राथमिक शाला खपरीडीह,चरण सिंह एवं धर्मेन्द्र भोई शिविर संगठक, किशन नंद शिविर दल नायक, जीतू साहू उप दल नायक व हिमांशु मांझी,नीतिश, योगेश, निलाम्बर, विकास राणा, कौशल चौधरी, सरिता वैष्णव, प्रीति साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक जूली साव ने किया।

# कोड़िया में 24 कुण्डीय यज्ञ के लिए भूमिपूजन सम्पन्न

» सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियों की जननी है गायत्री- ताम्रध्वज साहू

» गायत्री परिवार की मूल भावना है भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना- रमशीला साहू

» गायत्री भारतीय संस्कृति व संस्कार का उद्गमस्थल है- ललित चंद्राकर

दबंग दुनिया ♦ उतई



शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया एवं दुर्ग भिलाई उपजोन गायत्री परिवार दुर्ग के माध्यम से 25 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन निर्धारित है जिसके यज्ञ स्थल का भूमिपूजन बीते रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत कृषि सभापति राकेश हिरवानी, गायत्री परिवार दुर्ग भिलाई उपजोन सह-समन्वयक धीरजलाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, निकुम प्रज्ञापीठ पूर्व ट्रस्टी श्यामलाल मेश्राम, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, कोड़िया सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, संरक्षक सीएल चंद्राकर, जेपी दीपक, दिनेश दीपक, आंनद चंद्राकर सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने बताया राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के विराट आयोजन के लिए यज्ञस्थल, मां भगवती भोजनालय, सप्तक्रांति प्रदशर्नी स्थल, साहित्य स्टॉल सहित विभिन्न सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया 25 दिसम्बर को 1024 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो तीन निर्धारित केंद्रों कोकड़ी, भानपुरी एवं हनोदा से कोड़िया पहुंचकर कोड़िया में भ्रमण करेगी। 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को 300 से ज्यादा विवाहित जोड़ें 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। साथ इन तीन दिनों में महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, सम्यक स्वास्थ्य शिविर, नशामुक्ति कायर्शाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होगा।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जी ने कहा आध्यात्मिक अनुष्ठान लगातार होते रहना चाहिए क्योंकि आध्यात्म ही हमें सही जीवन जीने की सीख देती है। गायत्री को सद्विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों का सम्मिलित स्वरूप सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों को बढ़ाता है। पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने कहा मानव जीवन बहुमूल्य है और पंडित श्रीराम शर्मा जी ने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए व्यक्तित्व परिष्कार एवं आदर्श परिवार की मूल भावना को लेकर समाज को स्वर्ग बनाने के लिए ज्यादा महत्व दिए हैं ताकि भावी पीढ़ी में संस्कारवान समाज का निर्माण को सके।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज अखिल विश्व गायत्री परिवार नव चेतना के व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण को धरातल पर ला रहा है। गायत्री महायज्ञ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संस्कार को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। वतर्मान समय में सनातन संस्कृति को संरक्षित रखने सरकार के साथ साथ समाज का हर वर्ग प्रयास कर रहा है।

अंगारे बाबूजी, नागेंद्र साहू की टोली ने यज्ञ सम्पन्न कराया एवं गिरधारी साहू, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल जी की टोली भूमिपूजन कमर्कांड सम्पन्न कराया। यज्ञ में अश्वनी साहू, राकेश निषाद एवं देवेश साहू ने सहपत्नी एवं भूमिपूजन कमर्कांड के लिए जनपद सभापति राकेश-सीमा साहू एवं जितेंद्र-सोनाली सोनी ने यजमान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक डॉ नरेंद्र सिन्हा एवं आभार मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गोवर्धन साहू, मलेश निषाद, प्रकाश निषाद, मोहन निषाद, रवि साहू, दीपक यादव, सरोजनी निषाद, गायत्री निषाद, आरती निषाद, ममता साहू, अंजू साहू, गुमिता साहू, सजल साहू, सुलोचना निषाद, सुनीता साहू, देवी साहू, हिमांशु साहू, युवराज साहू, रविन्द्र देशमुख, टालेश्वर साहू, जनार्दन साहू, बुद्धेश्वर साहू, चेतन दीपक, प्रेरणा सहित कोड़िया, हनोदा, धनोरा, पिसेगांव, अंडा, निकुम, कोकड़ी, उतई, कातरो, पुरई, खम्हरिया, धनोरा, रिसाली, पोटिया, भानपुरी के गायत्री परिजन एवं ग्रामवासियों का योगदान रहा।

# फुलझर विरासत व प्रतिभा सम्मान के लिए आवेदन करें 25 दिसंबर तक



दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

आर एस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल बगईजोर सरायपाली द्वारा फुलझर क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए लगातार तीसरा वर्ष सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन मंगवाये जा रहे हैं।

बता दें कृषि, साहित्य, कला, शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा,पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। जिसके लिए प्रतिभाशाली लोगों को आवेदन देने आगामी 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन देने आमंत्रित किया गया हैं।चयन समिति की प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया है कि सम्मान समारोह युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक में आर एस साहू,के आर पटेल, के आर चौधरी,पी साहू, प्रदीप गुप्ता,पटनायक, ध्रुव मलिक, ललित साहू, जयंत बारीक, धर्मेंद्रनाथ राणा, आर एस इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक सुरेंद्र साहू,प्राचार्य एम एम साहू उपस्थित थे।

# वार्ड 15 में गौरी पूजा में सम्मिलित हुए-प्रखर



दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

हर वर्ष की भांति इस वर्ष की वार्ड क्रमांक 15 में गौरा-गौरी पूजन का आयोजन किया गया जिसमें संगम सेवा समिति के संचालक और भाजपा की युवा नेता प्रखर अग्रवाल को भी आमंत्रित किया गया था।

प्रखर उक्त पूजन कार्यक्रम में उपस्थित होकर सरायपाली अंसलवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। आयोजन कर्ताओ ने बताया विगत 30-35 साल से उनके मोहल्ले में गौरा गौरी पूजन का आयोजन किया जाता रहा है यह पूजन तीन दिवसीय रहता है, पूजा कार्यक्रम में पहुंचे संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल पूजा अचर्ना किए एवं साथ उपस्थित लोगो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह पूजन कार्यक्रम हमारी परंपरा संस्कृति का अहम हिस्सा है हमारी समिति द्वारा हमेशा से खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है जो की निरंतर ऐसे ही जारी रहेगा,अग्रवाल ने आमंत्रण के लिए वार्ड वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## अभागा ही है जिसने शिवरीनारायण मठ के मानस गंगा में स्नान नहीं किया -रत्नेश प्रपन्नाचार्य

जांजगीर-चांपा। भगवान शिव जी का माता पावर्ती से विवाह संपन्न हुआ श्रद्धा और विश्वास का मिलन हुआ जब तक श्रद्धा और विश्वास हमारे हृदय में ना हों तब तक हम अपने अंतःकरण में विराजित परमात्मा को नहीं पहचान सकते। यह बातें अवधपुरी धाम से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने शिवरीनारायण मठ में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा में व्यास पीठ की आसंदी से अभिव्यक्त की। उन्होंने कहा कि-बेटी की विदाई की बेला बहुत दुखदाई होती है संसार में ऐसा कौन है ? जिसकी आंखें बेटी को विदा करते हुए छलक नहीं जाती। माता मैना ने भगवान शिव जी से हाथ जोड़कर विनती करते हुए कहा कि -हे नाथ 'उमा' मेरे प्राण के समान है, इसे अपनी दासी बना कर रखना यदि इससे भूलकर कोई अपराध हो भी जाए तो क्षमा कर देना! जीवन में यदि आप सुख का अनुभव करना चाहते हैं या शांति प्राप्त करना चाहते हैं तो बट वृक्ष के नीचे बैठकर देखना यह विश्वास का प्रतीक है और भगवान शिव विश्वास के स्वरूप हैं। जो विश्वास की छाया में बैठता है वही शांति को प्राप्त करता है। माता पावर्ती ने सुंदर अवसर जानकर शिवजी से संवाद किया और राम कथा सुनाने का आग्रह भी किया। पत्नियों को चाहिए कि जब पति किसी चिंता में ना हो, शांत हो, उचित अवसर हो तभी उनसे संवाद करें। पति का भी कर्तव्य है जब पत्नी समीप में आए तो उन्हें आसन दें और उनका आदर करें।

# सीएम जतन योजना में सरगुजा आयुक्त से कलेक्टर कार्यालय में आया जांच के लिए पत्र




दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

जिले के राजनीतिक हब कहे जाने वाले रामानुजनगर विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज व बीआरसी हजारी लाल चक्रधारी के विरुद्ध जनपद के शिक्षा समिति ने मोर्चा खोला है। जनपद सदस्यों ने सरगुजा आयुक्त, जिले के कलेक्टर को पत्र लिख कर कार्यवाई की मांग की है। एक माह पूर्व सरगुजा आयुक्त से सुरजपुर कलेक्टर को जांच हेतु आए पत्र में प्रशासन ने अब तक शिकायतकर्ताओं का कथन बयान नही लिया है। और ना ही मौका जांच किया गया है। जिससे प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है।

गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर जनपद पंचायत के शिक्षा समिति के सदस्य हेमेंद्र कुमार साहू, प्रमिला साहू, परमेश्वर सिंह ओरकेरा, अमर सिंह ये जनपद जनपद सदस्य हैं इन्होंने मुख्यसचिव, सरगुजा आयुक्त, कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर बताया कि शिक्षा समिति के सदस्यों द्वारा रामानुजनगर विकास खंड सीएम जतन योजना के तहत स्कूल के मरम्मद राशि आवंटित किया गया था। जिसमें से कई विभाग को प्रशासन द्वारा एजेंसी बनाया गया था। शिक्षा समिति के सदस्यों द्वारा शाला प्रबंधन समिति द्वारा मरम्मद कराए करीब 100 स्कूलों का निरीक्षण किया था। अपने निरीक्षण में पाया था कि सीएम जतन योजना के तहत आवंटित ज्यादातर स्कूलों में आवंटित राशि का केवल 20 प्रतिशत कार्य कराया गया है।

इन्होंने आगे बताया कि हमारे द्वारा स्कूलों के शिक्षकों से बात की गई शिक्षकों द्वारा बताया गया कि मरम्मद राशि का 30- 40 प्रतिशत हिस्सा बीईओ पंडित भारद्वाज, बीआरसी हजारी लाल चक्रधारी को कमीशन दिए है। जिस कारण स्कूलों के मरम्मद में गुणवत्ता ठीक नहीं है। मरम्मद कार्य धरातल में कार्य कम कराकर राशि ज्यादा आहरण कर लिया है। जिसकी शिकायत सरगुजा आयुक्त से की गई थी। आयुक्त द्वारा 9 अक्टूबर को सुरजपुर कलेक्टर को पत्र जारी कर 15 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने की मांग है। जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

शिक्षा समिति के सदस्यों ने हमारे संस्था से बात करते हुए बताया कि सीएम जतन योजना का राशि एसएमसी के माध्यम से मरम्मद कराया जाना था। किंतु शाला प्रबंध समिति को पता भी नहीं है कि मरम्मद कराया जाना है। साथ ही स्कूलों के दिवालो में स्वीकृति राशि, खर्चा का विवरण भी अंकित नहीं किया गया हैं। हमने बीईओ के खिलाफ शिकायत की थीं जिस पर बीईओ ने खुद ही जांच हेतु संकुल समन्वय को पत्राचार कर जांच रिपोर्ट की मांग की है। आगे कहते है कि इस घोटाला का बड़ा हिस्सा जिले में बैठे अफसरों को भी जाता है। जिसके बाद भी योग्य शिक्षक के रहने के बाद भी भ्रष्टाचार में लिप्त सरगुजा के एक शिक्षक को बीईओ का प्रभार दिए हुए है।

प्रशासन को तत्काल ही प्रभारी बीईओ, बीआरसी को हटाकर जांच कराई जाए, साथ ही कलेक्टर कार्यालय में सरगुजा आयुक्त से आए पत्र में अब तक जांच नहीं हुआ है। जबकि जांच हमारे सम्मुख होना था, ताकि जांच पर निष्पक्षता बना रहता, किंतु प्रशासन चोरी छुपे तरीके से जांच कर रही है। बल्कि विष्णुदेव साय की सरकार के छवि को भी धूमिल करने का कार्य कर रहे है। आगे कहा कि हमें प्रशासन सड़क में उतर कर आंदोलन करने को बाध्य कर रहा है। जल्द ही अगर कार्यवाही नहीं होता है तो शिक्षा विभाग के खिलाफ सड़क में उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा।

# बेमौसम हुई बारिश से धान कटाई, खरीदी होगी प्रभावित



दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

फेंगल तूफान का असर पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। शनिवार से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। देर शाम बूंदाबांदी शुरू हो गई थी हालांकि रात में थोड़ी बारिश रुक गई। मगर सुबह होते ही बारिश शुरू हो गई। रविवार को दिन भर रिमझिम बारिश होती रही जिसके चलते किसानों की खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंची है।

बारिश की वजह धान की फसल की कटाई नहीं हो पाई है। अब कटाई के लिए मौसम खुलने का इंतजार करना पड़ेगा। बारिश का असर धान खरीदी केंद्रो में भी देखने को मिला। कई उपार्जन केंद्रों में धान भींगने की खबरें मिल रही है। हालांकि समिति प्रभारियों ने स्टेक को ढंकने की जद्दोजहद में लगे रहे मगर अभी भी कई स्टेक आधे अधूरे होने के कारण से त्रिपाल से ढंकने में परेशानी हो रही है। इधर कई समितियों ने फड़ गिला होने के कारण से सोमवार की खरीदी बंद होने की सूचना किसानों को दे दी है। जिन किसानों का टोकन सोमवार के लिये कटा है उन्हें अब उन्हें मौसम खुलने का इंतजार करना होगा। साथ ही उन्हें एक टोकन निरस्त होने का भी खतरा सता रहा है, अगर एक टोकन निरस्त होता है तो उनके उपज का सभी धान शेष बचे दो टोकन में बेंच पाना मुश्किल है, इसके अलावा सोमवार,मंगलवार से जो धान का उठाव प्रारंभ होने वाला था वह भी प्रभावित हो सकता है। जिससे आगामी दिनों खरीदी भी प्रभावित होगी। बेमौसम हुई बारिश से धान फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बारिश का ज्यादा असर कटाई को तैयार धान की फसल को हुई है। बारिश से किसानों को फसल कटाई की चिंता सता रही है। क्योंकि अब जमीन गीली हो जाने के कारण से हार्वेस्टर से कटाई मुश्किल हो जाएगी। जमीन सूखने के लिए काफी लंबा समय इंतजार करना पड़ेगा।

सरायपाली क्षेत्र में इस बारिश से धान की फसल को कितना नुकसान हुआ है फिलहाल तो आंकलन नहीं किया जा सकता। कटाई के बाद ही पता चल पाएगा कि कितना नुकसान हुआ है। गिरे हुए धान की कटाई हार्वेस्टर वाले भी आनाकानी करेंगे। जिन किसानों ने धान को काट खलिहानों में गलियों में सूखने के लिए रखा था। पॉलिथीन,त्रिपाल में ढंककर रखे हैं मगर वह भी भीगने की आशंका से चिंतित हैं। किसान फसल को भीगने से बचाने की जद्दोजहद में दिन भर जुटे रहे।

# 1 वर्ष धान नहीं बेचने पर पंजीयन हो गया होल्ड, नहीं बेच पा रहे धान

» अनुविभागीय अधिकारी राजस्व

बंग दुनिया ♦ सरायपाली



धान उपार्जन केंद्र मल्दामाल के अंतर्गत आने वाले पड़कीपाली का एक परिवार विगत वर्ष धान का पुरा फसल चौपट हो जाने से धान बेचने से वंचित हो गए थे, लेकिन एक वर्ष धान नहीं बेच पाने के कारण उन्हें 2024-25 में उनका पंजीयन होल्ड हो जाने पर वे धान नहीं बेंच पा रहे हैं होल्ड को खुलवाने व धान बेचने के लिए अनुमति प्रदान करने मां और पुत्र के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी अनुसार पड़कीपाली निवासी द्रौपदी पति जदुमणी के नाम पर लगभग पौने आठ एकड़ जमीन है जबकि उसके पुत्र शोभाराम पिता जदुमणी के नाम पर पौने तीन एकड़ जमीन है इस तरह लगभग 11 एकड़ जमीन मां पुत्र के नाम पर धान उपार्जन केंद्र मल्दामाल में पंजीकृत है, लेकिन विगत वर्ष फसल उनका पूरी तरह चौपट हो जाने के कारण वे उपार्जन केंद्र में धान नहीं बेच पाए थे जबकि उनके द्वारा 2022-23 में समिति में उनके नाम पर दर्ज रकबा का पंजीयन करवाया था। 1 वर्ष 23-24 में उनके द्वारा धान नहीं बेच पाने के कारण उनका पंजीयन को होल्ड कर दिया गया है और वे सत्र 2024-25 में धान बेचने से वंचित हो रहे हैं,आवेदक शोभाराम ने बताया कि उनके पूर्व पंजीयन हो जाने के कारण वे निश्चित थे,कि उन्हें पुनः पंजीयन को नवीनीकरण (जीवित) करवाना नहीं पड़ेगा,लेकिन जैसे ही टोकन काटने और धान बेचने की बारी आई और ऑनलाइन टोकन काटने के लिए प्रयास किया तो ऑनलाइन टोकन नहीं कटा,उपार्जन केंद्र में जब संपर्क किया तो उन्हें ज्ञात हुआ कि उनका पंजीयन होल्ड है और उन्हें एसडीएम से अनुमति लेकर पंजीयन होल्ड को खुलवाने की सलाह दी गई तभी वे धान बेच पाएंगे, शोभाराम और उसकी मां द्वारा धान खरीदी प्रारंभ होने के 1 दिन पूर्व 13 नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मां-पुत्र के नाम पर पंजीकृत होल्ड को खुलवाने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली को आवेदन दिया गया है और न्याय की गुहार लगाई गई है।

**पटवारी के जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को धान बेचने की दी जा रही है अनुमति-एसडीएम**

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी किसान आवेदन लेकर आ रहे हैं उन्हें पटवारी के मौका जांच की रिपोर्ट के आधार पर धान बेचने की तत्काल अनुमति दी जा रही है, भारी संख्या में आवेदन आए हैं शासन के नियमानुसार जो पिछले वर्ष किसी कारण से धान नहीं बेच पाए हैं उन्हें एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है। 10 से 15 किसानों को अनुमति भी दिया जा चुका है।

Scanned with OKEN Scanner

रूस ने रात भर की मिसाइलों की बारिश

# यूक्रेन में ब्लैकआउट, अंधेरे में 10 लाख लोग, और बड़े हमले की धमकी

एजेंसी ● मॉस्को

रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर मिसाइलों की बारिश की। रूस ने 90 मिसाइलों और 100 ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमले में 12 ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें से ज्यादातर एनर्जी और फ्यूल सेंटर थी। इस वजह से लगभग 1 मिलियन लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। पूरे देश में भारी बिजली कटौती शुरू हो गई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की ओर से रूस में लंबी दूरी की मिसाइलों से किए गए हमले के जवाब में यह हमला किया गया है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में कीव में 'निर्णय लेने वाले केंद्र' निशाना बन सकते हैं। पुतिन ने दावा किया कि रूस ने 17 लक्ष्यों को निशाना बनाया जो सैन्य सुविधाएं, रक्षा उद्योग और उनकी सहायता प्रणाली थीं। उन्होंने बिजली के बुनियादी ढांचे पर हमलों को स्वीकार नहीं किया। पुतिन ने कजाकिस्तान में एक सुरक्षा शिखर सम्मेलन में कहा, 'जैसा कि मैंने कई बार कहा है, हमारी ओर से हमेशा प्रतिक्रिया होगी।' देश के अधिकारियों ने कहा कि बमबारी के बाद यूक्रेन में 10 लाख से अधिक घरों में बिजली नहीं है। यूक्रेन के मुताबिक यह यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति पर इस साल का 11वां हमला है।



### कड़ाके की ठंड में यूक्रेन की मुश्किल बढ़ी

रूस ने पिछले वर्षों में यूक्रेन के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया है, जिसका उद्देश्य कड़ाके की ठंड के महीनों के दौरान नागरिकों को बिजली और पेयजल आपूर्ति से वंचित करना तथा यूक्रेन के उत्साह को तोड़ना है। 10 लाख लोग बिना बिजली के हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने हाल में कहा था कि रूस ठंड के मौसम से पहले ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाने के लिए क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों का भंडार जमा कर रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि उनकी सेना ने बृहस्पतिवार को 100 ड्रोन और 90 मिसाइलों से यूक्रेन के 17 ठिकानों पर हमला किया।

### रुस के हमले से भड़के जेलेंस्की

ऊर्जा मंत्री जर्मन हालुशचेंको ने कहा कि यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली रातों-रात दुश्मन के बड़े हमले की चपेट में आ गई। उन्होंने कहा कि हमले पूरे यूक्रेन में हुए। हाल के महीनों में बमबारी तेज हो गई है। यह यूक्रेन के लिए और भी मुश्किल होता जा रहा है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध के अपने तीसरे शीतकाल मे पहुंच गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा, 'रूस ने हमले में क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल किया था। ये गोला-बारूद एक बड़े क्षेत्र में कई छोटे बम गिरा देता है। हमारे बचाव दल और बिजली इंजीनियरों के लिए हमले का जवाब देना और अधिक कठिन हो जाता है। उन्होंने नाटो महासचिव मार्क रूटे, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज सहित पश्चिमी नेताओं से मदद की गुहार लगाई है।

केरल हाईकोर्ट में न्यायाधीश ने वकील से कहा-

# हिंदू धर्म इतना कमजोर नहीं कि हाथी न होने से ढह जाए

एजेंसी ● तिरुवनंतपुरम




धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हाथियों की परेड से जुड़े आवेदन को केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। दरअसल, सीडीएम यानी कोचीन देवसोम बोर्ड ने मंदिर उत्सव के दौरान हाथियों के बीच 3 मीटर की दूरी रखने के आदेश से छूट की मांग की थी। अदालत का कहना है कि जानवरों की भलाई के लिए ये निर्देश जरूरी थे।

मामले में जस्टिस एके जयशंकरन नाम्बियार और जस्टिस गोपीनाथ पी की बेंच सुनवाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रथाओं को संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। सीडीबी ने तिरुपुनिथुरा के मंदिर में होने वाले उत्सव के दौरान छूट के लिए अदालत में आवेदन दिया था। बोर्ड की तरफ से पेश हुए एडवोकेट केपी सुधीर ने कहा था 15 हाथियों की परेड उत्सव का अभिन्न अंग है।

बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस नाम्बियार ने कहा, 'अगर किसी ग्रंथ में हाथी के इस्तेमाल की बात नहीं कही गई है, तो यह जरूरी धार्मिक प्रथा नहीं है। हम यह नहीं कह रहे कि हाथियों को शामिल न करें। लोगों के विश्वास और धार्मिक उत्साह बनाए रखने के लिए हाथियों का मौजूद होना ठीक है, लेकिन आपको यह साबित करना होगा कि हाथियों के बीच 3 मीटर से कम दूरी ठीक होगी।'

बोर्ड का कहना था कि अगर निर्देशों का पालन किया जाता है, तो उत्सव में शामिल होने वाले हाथियों की संख्या सीमित रह जाएगी। ऐसे में लंबे समय से चली आ रही उत्सव की परंपराएं बधित होंगी। इसपर जस्टिस नाम्बियार ने कहा, 'हम यह मानने से इनकार करते हैं कि हिंदू धर्म इतना कमजोर है कि यह हाथियों की मौजूदगी नहीं होने से ढह जाएगा।' जस्टिस गोपीनाथ ने कहा, 'जब तक आप यह नहीं दिखा देते कि हाथियों के बगैर धर्म का अस्तित्व नहीं रहेगा, तब तक जरूरी धार्मिक प्रथा का सवाल ही नहीं उठता है।'

इस मामले में कोर्ट हाथियों के भलाई पर ध्यान लगा रहा है, जो कई बार परेड और उत्सवों के दौरान मुश्किल हालात का सामना करते हैं। 13 नवंबर को बेंच ने क्रूरता को रोकने के लिए अंतरिम दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इनमें त्योहारों का रजिस्ट्रेशन और परेड के समय हाथियों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी की बात कही गई थी।

## भारत में सर्प दंश के मामले 'सूचित करने योग्य रोग'

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) ने भारत में सांप के काटने के मामलों और इससे होने वाली मौतों को सूचित करने योग्य बीमारी घोषित किया है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में हर साल 3-4 मिलियन लोगों को सांप काटता है। वहीं इनमें से लगभग 50,000 लोगों की मौत हो जाती है। यह वैश्विक स्तर पर सांप काटने वाली मौतों का आधा हिस्सा है। हालांकि, इन मामलों की रिपोर्टिंग बहुत कम की जाती है।

## मंगल मुंडा के निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। 45 वर्ष के मुंडा एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया और कहा कि उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे।

## अक्टूबर में ही महाराष्ट्र हार गई थी कांग्रेस, पार्टी के सर्वे से हुआ खुलासा

एजेंसी ● नई दिल्ली



महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद कांग्रेस नेतृत्व द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, पार्टी में ही इसको लेकर मतभेद की स्थिति है। महाराष्ट्र की हार इसलिए भी करारी थी क्योंकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने शानदार प्रदर्शन किया था। चुनाव से पहले कांग्रेस के द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे में ही हार के संकेत मिल गए थे। अक्टूबर में हुए एक सर्वे में 103 सीटों को कवर किया गया था। उसमें एमवीए केवल 44 सीटों पर आगे चल रही थी। वहीं, लोकसभा चुनावों में यह आंकड़ा 54 था।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की 'लड़की बहिन योजना' ने चुनाव परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस के एक आंतरिक सर्वेक्षण के अनुसार, 88% लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी थी। 17% ने स्वीकार किया कि इस योजना के कारण उनके मतदान की प्राथमिकता बदल गई। एमवीए की रणनीति में इस योजना का प्रभाव समझने में देरी हुई। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि एक बैठक में रणनीतिकारों ने एमवीए को महिलाओं को 3000 रुपये की मासिक सहायता देने का सुझाव दिया था। लेकिन महायुति ने पहले ही योजना के तहत 2100 मासिक सहायता की घोषणा कर दी थी, जिससे उन्हें महिलाओं के बीच व्यापक समर्थन मिला।

# रेल मंत्री ने दिखाई पंबन ब्रिज की झलक, 105 साल पुराने पुल की जगह लेगा

एजेंसी ● नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज की कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है, जो मौजूदा 105 साल पुराने पुल की जगह लेगा। अश्विनी वैष्णव ने पंबन ब्रिज की शानदार खूबियां भी बताई हैं। नया पंबन ब्रिज मंडपम को पंबन से जोड़ता है। इससे रामेश्वरम धाम जाने वाले श्रद्धालु आसानी से पहुंच सकते हैं।

रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट लिखा है कि नया पंबन ब्रिज 2.05 किलोमीटर लंबा 72 मीटर वर्टिकल लिफ्ट स्पैन वाला ब्रिज है। यह देश में अपनी तरह का पहला ब्रिज है। इस स्टील ब्रिज का डिजाइन TYPSA इंटरनेशनल कंसल्टेंट ने तैयार किया है। इसके डिजाइन में यूरोपीय और भारतीय कोड का इस्तेमाल किया गया है। पुल के डिजाइन की IIT चेन्नई ने जांच की है। इसके अलावा रेलवे ने IIT मुंबई से भी अतिरिक्त प्रूफ जांच कराई है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रामेश्वरम में बने पंबन ब्रिज को 'एक आधुनिक इंजीनियरिंग चमत्कार' बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन है, जिसे रफ्तार, सुरक्षा और इनोवेशन के लिए किया गया है। रेलमंत्री ने पंबन ब्रिज का नाइट व्यू भी शेयर किया है। उन्होंने बताया, "1914 में निर्मित ओल्ड पंबन रेल ब्रिज 105 साल तक पंबन द्वीप को रामेश्वरम से जोड़ता रहा। जंग लगने की वजह से इसे दिसंबर 2022 में बंद कर दिया गया। अब नया ब्रिज कनेक्टिविटी के एक नए युग का प्रतीक है।

इस ब्रिज पर ट्रेन 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इस ब्रिज पर दो रेल पटरियां बिछाई गई हैं। ट्रेन ट्रैफिक न होने पर ब्रिज के स्लैब को ऊपर उठाकर नीचे से जहाजों की आवाजाही की जा सकती है। नए पंबन ब्रिज पर ओएचई यानी ओवर हेड इक्विमेंट का सफल परीक्षण हुआ है। इस ब्रिज का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड ने किया है।



अपने एक और पोस्ट में रेल मंत्री ने पुराने और नए ब्रिज के बीच तुलना की है। उन्होंने कहा कि पुराने पुल में मैनुअल शेजर लिफ्ट स्पैन, सिंगल ट्रैक और 19 मीटर की एयर क्लीयरेंस के साथ कम गति वाली ट्रेनों तक सीमित था। जबकि नए ब्रिज में ऑटोमेटेड वर्टिकल लिफ्ट स्पैन 22-मीटर का सेफ एग्जिट भी देता है। साथ ही इसके डबल ट्रैक और इलेक्ट्रिफिकेशन को सपोर्ट करता है। इसे खासतौर पर हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। रेल मंत्री ने कहा, "इस ब्रिज का उद्घाटन जल्द ही होने की उम्मीद है। मन्नार की खाड़ी के लुभावने नजारें दिखाते हुए ट्रेनें अब इस समुद्री पुल पर दौड़ेंगी।



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात 'फेंगल' में तब्दील होने की आशंका के कारण भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा समुद्र में न जाने की सलाह जारी किए जाने के बीच मछुआरे अपनी नाव को समुद्र से दूर ले जाते हुए।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता अब भी बहुत खराब

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को लगातार छठे दिन हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 9 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 दर्ज किया गया, जो इसे बहुत खराब श्रेणी में रखता है। 39 निगरानी स्टेशनों में से दो स्टेशनों ने वायु गुणवत्ता को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया, जबकि 22 स्टेशन बहुत खराब श्रेणी में रहे और बाकी खराब श्रेणी में रहे।

## पूरी दिल्ली को चला रहे हैं गैंगस्टर गैंग : केजरीवाल

एजेंसी ● नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी और अमित शाह पर जमकर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हंगामा मचा रखा है और ये लॉरेन्स बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। ये समझ नहीं आ रहा है कि बिश्नोई वहां से कैसे एक्सटॉर्शन रैकेट चला रहा है।" विधानसभा में केजरीवाल ने कहा, "दिल्ली को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी अमित शाह की है। इनसे दिल्ली संभल नहीं रही है। कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। वकील कह रहे हैं कि सड़क पर हाथ में मोबाइल लेकर चलना मुश्किल है, कोई लेकर भाग जाएगा। ओपन शूट आउट हो रहे हैं, किडनैपिंग हो रही है, रेप हो रहे हैं। एक बिजनेस मैन की कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हत्या कर दी, कई व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। बंबई गैंग, गोगी गैंग, अनमोल बिश्नोई गैंग, हिमांशु भाऊ गैंग। पूरी दिल्ली अब गैंग चला रहे हैं, अमित शाह कर क्या रहे हैं। आज दिल्ली को गैंगस्टर कैपिटल के नाम से जाना जा रहा है। केजरीवाल ने कहा, "दिल्ली में फिरौती की घटना 25 फीसदी बढ़ गई है।

बदलाव की वकालत : कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बोले अध्यक्ष खरगे

# चुनावी रणनीति में सुधार और पार्टी में एकता जरूरी

एजेंसी ● नई दिल्ली



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है। उन्होंने कहा, 'ईवीएम ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। महाराष्ट्र चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाविकास अघाड़ी ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं। खरगे ने कहा- राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। समयबद्ध रणनीति बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे। खरगे ने कहा कि हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। क्योंकि हमने ये शानदार देश बनाया है।कांग्रेस ने शुक्रवार को ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मतगणना प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा और व्यक्तिगत सुनवाई की मांग की।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner